शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 34 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:36 | सूर्यास्त: 17:06 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सफलता उन्हें मिलती है जो वक्त और हालात पर रोया नहीं करते।



महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री और सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया पृष्ठ 6

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

समाज्ञा हिन्दी दैनिक
कॉर्पोरेट आफिस :
230, चित्तरंजन एवेन्यू,
3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006

# एसएसकेएम अस्पताल में नाबालिग से यौन शोषण, अस्थायी कर्मचारी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में नाबालिग लड़की से यौन शोषण का मामला सामने आया है। इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप एक अस्थायी कर्मचारी अमित मल्लिक पर लगा है, जो पहले एसएसकेएम अस्पताल में कार्यरत था और फिलहाल एनआरएस अस्पताल में अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम कर रहा था। भवानीपुर थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भवानीपुर थाने के अधिकारी ने गुरुवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना चार दिन पहले की है जब 15 वर्ष की एक नाबालिग अपने परिवार के साथ एसएसकेएम अस्पताल आई थी। इसी दौरान, आरोपित ने उसे ट्रॉमा केयर विभाग के शौचालय में बुलाकर यौन उत्पीड़न किया। एक चिकित्सक ने इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बुधवार की रात आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपित से पूछताछ जारी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## रक्षा मंत्रालय ने 79,000 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने सेना की लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नाग मिसाइलों, युद्धक जहाजों और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया एवं निगरानी प्रणालियों सहित 79,000 करोड़ रुपये के हथियार और सैन्य साजो–सामान खरीदने के प्रस्तावों को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक में खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद खरीद पर यह दूसरा बड़ा फैसला है। पांच अगस्त को 67,000 करोड़ रुपये की खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। भारतीय नौसेना के लिए, लैंडिंग प्लेटफ़ॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी), एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रा–रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए गोला–बारूद की खरीद को मंजूरी दी गई। एलपीडी की खरीद से भारतीय नौसेना को भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ जल–थल अभियानों को अंजाम देने में मदद मिलेगी। भारतीय नौसेना कम से कम चार एलपीडी खरीदने पर विचार कर रही है। एलपीडी द्वारा प्रदान की गई एकीकृत समुद्री क्षमता भारतीय नौसेना को शांति अभियानों, मानवीय सहायता और आपदा राहत में भी मदद करेगी। बयान में कहा गया, ''डीआरडीओ की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित एएलडब्ल्यूटी को शामिल करने से पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाया जा सकेगा।'' इसमें कहा गया कि 30 मिमी एनएसजी की खरीद से भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और समुद्री डकैती विरोधी भूमिकाओं को निभाने की क्षमता में वृद्धि होगी। भारतीय सेना के लिए, नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके–दो (एनएएमआईएस), ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन सहित हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई। एनएएमआईएस (ट्रैक्ड) की खरीद से भारतीय सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीएमईएस दुश्मन के उत्सर्जकों की चौबीसों घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी प्रदान करेगा। एचएमवी के शामिल होने से विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सेनाओं की रसद सहायता में उल्लेखनीय सुधार होगा। वायु सेना के लिए, समन्वित लंबी दूरी लक्ष्य संतृप्ति/विनाश प्रणाली (सीएलआरटीएस/डीएस) और अन्य प्रस्तावों के लिए मंजूरी दी गई। सीएलआरटीएस/डीएस में मिशन क्षेत्र में स्वचालित टेक–ऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, पता लगाने और पेलोड पहुंचाने की क्षमता है।

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की नियुक्ति की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को शुरू कर दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ लोगों ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने के लिए कहने से संबंधित पत्र बृहस्पतिवार शाम या शुक्रवार तक मिल जाएगा। प्रक्रिया ज्ञापन के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण एवं पदोन्नति के नियम निर्धारित करने वाले दस्तावेजों में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश की नियुक्ति होनी चाहिए, जिन्हें पद धारण करने के लिए उपयुक्त समझा जाए।

## लोग अगले 100 साल तक 'जंगलराज' नहीं भूलेंगे

### प्रधानमंत्री मोदी का राजद–कांग्रेस पर हमला



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में ''जंगलराज'' पर अगले 100 साल तक चर्चा होगी और विपक्ष अपने कुकृत्यों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी। तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने के बीच राजद–कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'गठबंधन' नहीं, बल्कि 'लठबंधन' (अपराधियों का गठबंधन) है क्योंकि दिल्ली और बिहार के इसके सभी नेता जमानत पर बाहर हैं। मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बुजुर्ग लोग युवाओं को ''जंगलराज'' के दौरान हुए अत्याचारों के बारे में जानकारी दें। मोदी का इशारा उस समय की ओर था जब बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद मुख्यमंत्री थे। ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत: युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में 'जंगलराज' को लोग अगले 100 साल तक नहीं भूलेंगे और विपक्ष अपनी करतूतों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी। मोदी ने कहा, ''मैं बिहार के सभी युवाओं से कहूंगा कि वे हर बूथ पर युवाओं को इकट्ठा करें और उस क्षेत्र के बुजुर्गों को बुलाकर 'जंगलराज' की पुरानी कहानियां सबको बताएं।'' उन्होंने एक भाजपा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए कहा कि देश में विकास का एक 'महायज्ञ' चल रहा है, तथा केंद्र और बिहार में स्थिर सरकार के कारण चौतरफा काम हो रहा है। मोदी ने कहा, ''बिहार में हर क्षेत्र में, हर दिशा में काम हो रहा है। अस्पताल बन रहे हैं, अच्छे स्कूल स्थापित हो रहे हैं और नए रेल मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। यही बिहार की राजग सरकार की ताकत भी है।''

## निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से बातचीत की

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को उन पांच राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से बातचीत की, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बातचीत में उन्होंने राज्यों की तैयारियों का आकलन किया और उनकी समस्याओं को समझा। असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ये उन राज्यों में भी शामिल हैं जहां आने वाले दिनों में अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण संचालित होगा। एक बयान में आयोग ने कहा कि उसने असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ आमने–सामने बातचीत की।

## बैंक ग्राहकों को 1 नवंबर से अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ने का मिलेगा विकल्प

**नयी दिल्ली :** अब बैंकों के ग्राहक अपने खाते में चार व्यक्तियों तक को नामित (नामिनी) कर सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समान और प्रभावी बनाना है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में इस फैसले की जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान 1 नवंबर 2025 से प्रभावी होंगे। बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम 2025 को 15 अप्रैल 2025 को अधिसूचित किया गया था। इसमें पांच कानूनों– भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 और 1980 – में किए गए कुल 19 संशोधन शामिल हैं। नए संशोधनों के अनुसार ग्राहक एक साथ या क्रमिक रूप से अधिकतम चार लोगों को नामांकित कर सकते हैं। इससे जमाकर्ताओं और उनके नामांकित व्यक्तियों के लिए दावा निपटान सरल हो जाएगा। नए बदलावों के बाद जमाकर्ता अपनी पसंद के अनुसार एक साथ या क्रमिक नामांकन का विकल्प चुन सकते हैं। सुरक्षित अभिरक्षा में रखी वस्तुओं और सुरक्षा लॉकरों के लिए नामांकन के संबंध में, इसमें कहा गया है कि केवल क्रमिक नामांकन की ही अनुमति है। संशोधित नियमों में कहा गया है, जमाकर्ता अधिकतम चार व्यक्तियों को नामित कर सकते हैं और प्रत्येक नामित व्यक्ति के लिए हिस्सेदारी या पात्रता का प्रतिशत निर्दिष्ट कर सकते हैं।






## दिवाली के बाद प्रदूषण की वही कहानी

यह शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली की गिनती दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में हो रही है। जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। दिल्ली में एक्यूआई का स्तर पौने चार सौ के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाना कई इंजनों वाली सरकारों और समाज की सामूहिक विफलता को ही दर्शाता है। बताते हैं कि दिल्ली की आबोहवा पिछले पांच सालों के सबसे खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। मजबूरी की स्थिति में दिल्ली सरकार को ग्रैप-2 की सख्त नीतियां लागू करनी पड़ी हैं। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है। एक नागरिक के रूप में हमारा गैरजिम्मेदार व्यवहार इस संकट को बढ़ाने वाला है। हम कभी पराली जलाने और कभी पटाखे छोड़ने को इस संकट का कारण बताते हैं, लेकिन वास्तव में प्रदूषण के कारक हमारे तंत्र की नाकामी में हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई तीन सौ पचास का आंकड़ा पार कर गया। दीपावली के बाद भी हवा का जहरीला बना रहना बेहद गंभीर विषय है। शायद वजह यह भी हो कि लोगों ने कुछ इलाकों में दो दिन दिवाली मनाई। लेकिन इस सारे प्रकरण में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कवायदें भी निष्फल ही नजर आईं। ग्रैप-2 का लागू होना स्थिति की गंभीरता को ही दर्शाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में सर्दियों की शुरुआत होने पर वायु गुणवत्ता का संकट गहराने लगता है। जो दिल्ली की दिवाली के बाद प्राणवायु को ही दमघोंटू बनाने लगता है। हर साल शीर्ष अदालत की सक्रियता और सरकारी घोषणाओं के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो यह हमारी आपराधिक लापरवाही की परिणति भी है।

बहरहाल, कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है। अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि बच्चों और बुजुर्गों पर इस संकट का कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा होगा। देश में लाखों लोग श्वास संबंधी रोगों के कारण जीवन गंवा रहे हैं। सवाल यह है कि इस संकट को दूर करने के लिए, जो ग्रैप-2 सिस्टम लागू किया जाता है, क्या उसे इस संकट के हर साल आने की स्थिति को देखते हुए पहले से नहीं लागू किया जा सकता? धूल को उड़ने से रोकने और हवा में प्रदूषण कम करने के लिए पानी का छिड़काव क्या शेष महीनों में नहीं किया जाता? अब ट्रैफिक को नियंत्रित करने की बात की जा रही है ताकि सिग्नल पर गाड़ियां ज्यादा देर खड़ी न हों, जिससे प्रदूषण अधिक नहीं हो। आखिर क्यों हम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करते ताकि सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या को कम किया जा सके? कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रिक वाहन भी प्रदूषण की दृष्टि से निरापद नहीं हैं। सीएनजी गाड़ियों को प्रोत्साहन को लेकर भी बड़े नीतिगत सुधार नहीं किए जा सके हैं। इसके बावजूद, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब तक लोगों को यह अहसास नहीं होगा कि त्योहार के नाम पर जमकर जहरीले पटाखे छुड़ाना एक आत्मघाती कदम है, तब तक कोर्ट और सरकार के प्रयास विफल ही साबित होंगे। इसके लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों को साझी पहल करनी होगी। यह संकट सिर्फ दिल्ली या एनसीआर का नहीं है, मुंबई, कोलकाता आदि अनेक महानगरों के घातक प्रदूषण की चपेट में आने की खबरें हैं।

# पुरुषार्थ से ब्राह्मणत्व को सिद्ध करने वाले ब्रह्मर्षि विश्वामित्र



अशोक प्रवृद्ध

कुशिक गोत्र-उत्पन्न कौशिक वंशीय राजा गाधि के पुत्र विश्वामित्र न केवल बड़े ही प्रतापी, पराक्रमी व प्रजावत्सल नरेश और तेजस्वी महापुरुष थे, बल्कि वैदिक काल के विख्यात ऋषि, महान विद्वान, 62 सूक्तों वाले ऋग्वेद के तीसरे मंडल और उसमें अंकित गायत्री मंत्र के द्रष्टा व पुरुषार्थ से ब्राह्मणत्व को सिद्ध करने वाले ब्रह्मर्षि भी थे। कान्यकुब्ज के पुरुवंशी महाराज गाधि के पुत्र विश्वामित्र क्षत्रिय कुल में जन्म लेने पर भी अपने तपोबल से ब्रह्मर्षियों में परिगणित हुए। इनका पहला क्षत्रिय नाम विश्वरथ था, जो ब्राह्मणत्व प्राप्त करने पर विश्वामित्र हो गया। ब्रह्मर्षि विश्वामित्र गाधिज, गाधेय और कौशिक भी कहे जाते हैं। विश्वामित्र शब्द विश्व और मित्र से बना है जिसका अर्थ है- सबके साथ मैत्री अथवा प्रेम। लेकिन वसिष्ठ द्वारा कामधेनु न देने पर उनसे शत्रुता, युद्ध और फिर पराजय की घटना के कारण वे अपकीर्ति के शिकार भी हुए। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों से सिद्ध होता है कि विश्वामित्र यज्ञों में पुरोहित का कार्य करते थे, और वृत्ति के संबंध में इनमें तथा वशिष्ठ में बहुत समय तक बराबर झगड़े- बखेड़े होते रहते थे। वे एक दूजे के धुर विरोधी थे।

वैदिक ग्रंथ, वाल्मीकि रामायण, पुराणों, उपनिषदों आदि में अंकित प्रसिद्ध ब्रह्मर्षि विश्वामित्र की प्रचलित कथाओं के अवगाहन से स्पष्ट होता है कि विश्वामित्र भारत को समरस समाज, समदर्शी न्याय व्यवस्था और सर्वजन हितकारी गणतंत्र के रूप में देखना चाहते थे। उनकी समूची साधना और निष्काम तपोबल का महान लक्ष्य है- आर्यावर्त से आसुरी वृत्तियों का संहार। श्रीराम और लक्ष्मण उनके इस लक्ष्य में भागीदार बनते हैं और असुरों का संहार कर विश्वामित्र की आकांक्षा को गति देते हैं। विश्वामित्र के आश्रम में राम-लक्ष्मण की दीक्षा से लेकर सीता स्वयंवर तक की कथा अपनी तार्किकता, सामाजिक प्रतिबद्धता तथा समकालीन चिंतनशीलता के कारण प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था के भीतर स्वराज की स्थापना का विलक्षण विमर्श प्रस्तुत करता है। गौतम ऋषि का अपराध बोध हो अथवा अहल्या का प्रायश्चित्त, परशुराम की भारत चिंता हो अथवा देवराज इंद्र की आसुरी वृत्तियां हों, मेनका के अपूर्व सौन्दर्य में छिपे कारुणिक प्रश्न हों अथवा उसके समक्ष निरुत्तर खड़े ब्रह्मर्षि विश्वामित्र हों, सभी गाथाएं कथासूत्रों के माध्यम से जीवन, समय और समाज पर सभी दृष्टियों से गंभीर व महत्त्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करते हैं। अहल्या, इंद्र और शची के प्रकरण अत्यंत रहस्यमयी चिंतन से दीक्षित करते प्रतीत होते हैं।

ऋषि विश्वामित्र का जीवनचरित एक साधारण क्षत्रिय राजा से शुरू होकर स्वाभिमान, अहंकार, आत्मसंघर्ष, गहन तप और अंततः ब्रह्मज्ञान के मार्ग से होकर ब्रह्मर्षि पद तक पहुंचने की कथा है, जो भारतीय संस्कृति में ब्राह्मणत्व की संकल्पना के प्राण-तत्व- ब्राह्मण का अर्थ जन्मना जाति अर्थात केवल जाति विशेष नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान, तपस्या, संयम, और सत्य के मार्ग पर चलने में सन्निहित है, के सिद्धांत को अक्षरशः सिद्ध करती है। राजर्षि से ब्रह्मर्षि पद प्राप्ति तक के उनके जीवनवृत से ऋषि विश्वामित्र ब्राह्मणत्व की संकल्पना के इस प्राणतत्त्व पर बिलकुल खरे उतरते दिखाई देते हैं। भारतीय संस्कृति में वे एक विलक्षण व्यक्तित्व के स्वामी नजर आते हैं। इस रूप में वे आत्मसंयम, तपस्या और स्वाभिमान के आदर्श हैं। उनका ब्राह्मणत्व उन्हें जन्म से नहीं, अपितु तप और साधना से प्राप्त हुआ था। इससे यह सिद्ध होता है कि भारतीय परंपरा में ज्ञान और आत्मविकास जन्म से उंचा मूल्य रखते हैं। विश्वामित्र का जन्म एक क्षत्रिय राजा गाधि के घर में हुआ। वे कौशिक वंश के सदस्य होने के कारण कौशिक कहे गए। वे राज्य, शक्ति और वैभव से पूर्ण यशस्वी राजा थे। लेकिन एक घटना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। वशिष्ठ से मुलाक़ात, उनके आवभगत के लिए वशिष्ठ द्वारा नियुक्त कामधेनु गौ से प्रभावित होकर उसकी मांग करना, और वशिष्ठ के इंकार करने पर उनसे संघर्ष की घटना ने उन्हें राजर्षि से ब्रह्मर्षि बनने की मार्ग पर स्वतः ही चलायमान कर दिया और उन्हें यह समझ में आ गया कि शस्त्रबल से कोई भी ब्राह्मणत्व को नहीं छीन सकता। उनके भीतर की ज्वाला धधक रही थी। बहुत सोच विचारकर उन्होंने तप के बल से इसे अर्जित करने का निर्णय लिया। यहीं से एक राजा का हृदय तपस्वी में बदलने लगा। और फिर विश्वामित्र की तपयात्रा,



परीक्षा, विघ्न और अंततः ब्रह्मर्षित्व की सिद्धि की राह पर चल निकली, लेकिन यह यात्रा उतनी सरल, सुगम, सीधी और आसान नहीं थी। उनके द्वारा राजसी जीवन, ऐश्वर्य और वैभव को त्याग कर चुना गया तप और साधना का मार्ग निरंतर परीक्षा, विघ्न और आत्म संघर्ष से भरा हुआ था। प्रारंभ में उनका उद्देश्य केवल आत्मकल्याण नहीं, बल्कि यह सिद्ध करना था कि तप, संयम और संकल्प के बल पर ब्राह्मणत्व प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन इस महान संकल्प के मार्ग में बार-बार इंद्र द्वारा मेनका अप्सरा प्रकरण आदि कृत्यों से बाधाएं उत्पन्न की गईं। विश्वामित्र भी सुंदरता, कांति, स्वर, राग, सौंदर्य और आकर्षण की प्रतिमूर्ति अप्सरा मेनका के मोह से अपने को बचा न सके। दोनों के प्रेम के प्रतिफल में शकुन्तला की प्राप्ति के बाद ही वे मेनका के मोह जाल से मुक्त हो सके और फिर उन्हें अपने पराजय, पराभव का अनुभव हुआ। लेकिन विश्वामित्र के लिए यह पराजय नहीं, बल्कि सीख थी। उनका तप भंग हुआ, लेकिन यह कोई स्थायी पतन नहीं था। उन्होंने मेनका को विदा और अपनी पुत्री शकुंतला को कण्व ऋषि के आश्रम में छोड़ कर अपनी नवीन आत्मबोध की खोज की मार्ग का अवलंबन किया। अब तक उन्हें यह समझ में आ चुका था कि ब्रह्मर्षि बनने के लिए केवल तप नहीं, बल्कि विकारों की शुद्धि भी आवश्यक है। विषय, वासनाओं से परे होना भी आवश्यक है। इसके साथ ही उनकी साधना बाह्य नियंत्रण से अंतरात्मा की विजय की एक नए मार्ग पर चल पड़ी। उन्होंने वर्षों तक कठोर तपस्या की। और न केवल शरीर पर, बल्कि मन, वाणी और अहंकार पर भी नियंत्रण किया। इस तप के प्रभाव से ही उन्हें ब्रह्मा, शिव और अन्य देवों से दिव्यास्त्रों का ज्ञान प्राप्त हुआ। ब्रह्मास्त्र, पाशुपतास्त्र, वायव्य, वज्र, आदि अनेक देवास्त्र उनके अधीन हो गए। अस्त्रों को चलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें वापस लेना अर्थात संहरण विद्या की शिक्षा भी उन्हें प्राप्त हो गया। इस ज्ञान के कारण ही उन्हें सर्वास्त्रगुरु की उपाधि प्राप्त हुई। शनैः- शनैः विश्वामित्र ब्राह्मणों और राजाओं के समकक्ष आगे आकर शास्त्रों के ज्ञाता माने जाने लगे। ऋषियों की सभा में मान-सम्मान प्राप्त करने लगे। धर्म, दर्शन, वेद, मंत्र, यज्ञ और ध्यान में सिद्ध हुए। लेकिन उनका लक्ष्य तो वशिष्ठ के समकक्ष स्वीकार होना था। जो अभी पूर्ण नहीं हुआ था। और इसके लिए अहंकार का पूर्ण विसर्जन किया जाना आवश्यक था। संस्कृत के एक प्रख्यात सुभाषितानि - अहंकार ही बंधन है, और उसका त्याग ही मोक्ष है। - को स्वीकार कर ब्रह्मर्षि बनने से पहले विश्वामित्र को भी अपने अहंकार, अपने मैं को त्यागना पड़ा। और कठोर तपस्या के पश्चात विश्वामित्र का यह त्याग तब सिद्ध हुआ जब उन्होंने ब्रह्मा और अन्य देवताओं के समक्ष प्रत्यक्षतः प्रार्थना करते हुए यह स्वीकार किया कि उन्हें कोई पद अथवा स्वर्ग की इच्छा नहीं, न ही वेदों में अपना नाम जोड़ने की आकांक्षा है। उन्हें स्पष्ट अपनी इच्छा जताते हुए कहना पड़ा कि यदि मेरी साधना सफल है, तो महर्षि वशिष्ठ मुझे ब्राह्मर्षि के रूप में स्वीकार करें। तब तक विश्वामित्र ने सारी इच्छाएं, काम, क्रोध, और अहंकार को जीत लिया था। उन्होंने ब्रह्मा की कठोर तपस्या की। तब जाकर स्वयं देव-ताओं और ऋषियों ने उन्हें ब्रह्मर्षि की उपाधि प्रदान की। प्रारंभ में विश्वामित्र को ब्राह्मण मानने से मना कर देने वाले स्वयं जन्मना ब्राह्मण तथा सप्तऋषियों में से एक ऋषि वशिष्ठ ने भी अपने पुराने और धुर विरोधी विश्वामित्र को ब्रह्मर्षि की सर्वोच्च उपाधि प्रदान करते हुए कहा कि ब्रह्मर्षिः त्वं विश्वामित्र। जन्मना ब्राह्मण और सप्तर्षियों में परिगणित वशिष्ठ कह उठते हैं-

ब्रह्म को जानने और उसे जीने के कारण अब तुम ब्रह्मर्षि हो।

लेकिन तब तक विश्वामित्र का क्रोध दूर हो चुका था। विश्वामित्र ने क्रोध त्याग दिया था। सामाजिक स्वीकृति की लालसा छोड़ दी थी। उन्हें इस उपाधि के मिलने या न मिलने से कोई मोह नहीं रह गया था। उन्हें ब्रह्मज्ञान प्राप्त हो चुका था। अहं के पूर्ण विसर्जन के साथ ब्रह्म की स्थिति में प्रतिष्ठित हो जाना ही तो ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति का प्रतीक है। और विश्वामित्र तब तक अहं के पूर्ण विसर्जन के साथ ब्रह्म की स्थिति में प्रतिष्ठित हो चुके थे। उन्होंने अपने पुरुषार्थ से यह सिद्ध कर दिया था कि ब्राह्मणत्व कर्म और ज्ञान से प्राप्त होता है, जन्म से नहीं। तप, साधना, और आत्मसंयम से कोई भी आत्मिक उच्चता प्राप्त कर सकता है। राजर्षि से ब्रह्मर्षि पद प्राप्त करने वाले ऋषि विश्वामित्र की यह कथा वर्ण व्यवस्था के मूल सिद्धांत को तो चुनौती देती ही है, दूसरी ओर भारतीय दर्शन की लचीलापन और शिक्षा प्राप्ति के पश्चात गुण, कर्म देखकर निर्धारित की जाने वाली वर्ण व्यवस्था अर्थात योग्यता आधारित मानवीय मूल्यों को भी समाज के समक्ष लाती है। पुरुषार्थ से किसी भी लक्ष्य को पाने की शक्ति को उजागर करती है। वेद मंत्रों के द्रष्टा, श्रीराम के गुरु, मानव आदर्श के संस्थापक पुरुषार्थ से ब्राह्मणत्व को सिद्ध करने वाले ब्रह्मर्षि विश्वामित्र की पौराणिक गाथाएं आज भी उन लोगों के लिए प्रेरणादायी साबित हो रही हैं, जिनकी आत्मिक उन्नति और आत्मविकास के मार्ग पर चलने की इच्छा है।

# व्यंग्य : लो खरीदो ताजा नेता



रामविलास जांगिड़

आजकल कई व्यक्ति सरकारी नौकरी बड़े जतन से खरीदते हैं। बहुत सारे लोग बड़ी चालाकी से व्यापार भी करते हैं। सरकारी नौकरी और व्यापार से संबंधित लोगों को समय-असमय सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। सरकारी प्रताड़ना पूर्णतया कानूनी होती है। सरकार अपनी कुर्सी बचाने या वोट खींचने के लिए इसे नियमानुसार संपादित करती है। इससे बचने का असली तरीका यही है कि आप अपने पास कोई एक अच्छा सा दलाल पाल लें। बढ़िया रहेगा कि आप अपने पैंट की जेब में एक-दो नेता खरीद कर रख लें। आजकल कई सयाने लोग चार-पांच नेता खरीद कर रखते हैं। खरीदा हुआ नेता हमेशा ही काम देता है। यह नेता आपके इच्छित स्थान पर ट्रांसफर कराने से लेकर इनकम टैक्स में गड़बड़ करने, ठेकेदारी दिलवाने आदि में काम आता है। यह नेता आवश्यक होने पर पुलिस के साथ सेटिंग करवाता है। मार्केट में एक से बढ़कर एक नेता हर समय बिकने के लिए उपलब्ध है। राजधानी क्षेत्र में तो ऐसे बिकने वाले नेताओं की भारी भीड़ जमा है। लोग अपने-अपने ढंग के नेता को खरीद कर रखते हैं। आज हर घर में एक न एक खरीदा हुआ नेता चाहिए। घर के सामने की नाली से कचरा साफ कराना हो, तो नेता की जरूरत। घर के पिछवाड़े मरे जानवर को हटवाना हो, तो नेता की जरूरत। दस दिनों में एक बार पानी का नलका आ जाए, इसकी प्रार्थना करने के लिए एक नेता की सख्त जरूरत होती है।

राशन कार्ड बनवाना हो या आधार कार्ड में फोटो छपवानी हो, सब जगह नेता की जरूरत पड़ती है। बेचारा नेता! आप से क्या लेता है? बस उसकी रैली में उसके जयकारे! उसके लिए वोटों के चटकारे! उसके बुरे कामों में हां-हां मिलाने की बातें! वक्त-बेवक्त उसके द्वारा मारी गई लातें! बस और क्या चाहिए? नेताजी को मनचाहा दाम दीजिए और नेताजी को खरीद कर ही अपने कामों में लीजिए! चुनावी मेले के समय तो नेता फुटपाथ पर बिकने को तैयार हो जाता है। इस गली उस गली से लेकर हर एक चौराहे पर! हर प्रकार का नेता बिकने को तैयार है। कई-कई नेता तो नेता लोगों के हाथों में ही बिकने को अपना परम धर्म समझते हैं। एक नेता जब दूसरे नेता को खरीदना है, तो खरीदने वाला नेता भारी भरकम आलाकमानी नेता हो जाता है। दूसरे शब्दों में वह नेता आला दर्जे का कमीना हो जाता है! जो नेता दूसरे नेताओं को खरीदता है, वह सबसे भारी भरकम कुर्सी पर जा बैठता है। ऐसे नेता लोग बड़े-बड़े होटलों में, बड़े-बड़े रिसोर्टों में जाकर बड़े प्यार से अपनी नीलामी लगाते हैं। इंडियन इलेक्शन लीग के धार्मिक अवसर पर तो हर एक नेता अपना-अपना दलाल रखता है और दलाल के माध्यम से ही सरेआम बिकता है। बस रोकड़ा चाहिए!बिकने को तैयार है नेता! उठिए प्रभु! आप भी रजाई छोड़िए और एक नेता खरीद करके ले ही आइए। नेता चाहे तो ठंड में गर्मी पैदा कर दे और नेता चाहे तो भरी गर्मी में ठंड की व्यवस्था कर दे! एक परिवार में एक नेता! जेब-जेब में ठूंसो नेता! खरीद लीजिए एक नेता, मेरे हुजूर!/

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 अक्टूबर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया, 25:19 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 31:44 तक, योग : सौभाग्य, 29:52 तक, सूर्योदयः 5:36, सूर्यास्तः 17:06, चन्द्रोदय : 07:52, चन्द्रास्तः 18:42, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 09:55 से 11:20

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आप अपने काम को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और राजनीति में भी आपको अच्छे काम करने का मौका मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन कर्क राशि के लोगों के लिए फलदायी रहने वाला है। आज के दिन मन लगाकर किए हुए कार्य के परिणाम तुरंत दिखाई देंगे। इस दौरान अधूरे काम पूरे होते हुए दिख रहे हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपकी बेवजह की टेंशन में बढ़ेंगी। व्यवसाय में आपको पिछले कामों के लिए मान सम्मान मिलेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। घर परिवार में सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या बढ़ सकती है, इसके लिए आपको कुछ टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा, जिससे आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं और आप बेवजह के कामों में ना पड़ें, आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर :** आज आपको अपने खर्च को कंट्रोल करने के चलने की आवश्यकता है। आपके मन में भटकाव रहने से आप इधर-उधर के मामलों को लेकर लापरवाही भी दिखा सकते हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लाभदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगी।

**मीन :** आज आपको कामों को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो उसे भी आप आसानी से दूर कर सकेंगे। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

## विदेश की खबरें

## यूरोपीय संघ ने रूस पर कई और आर्थिक प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स :** यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का दबाव बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को रूस पर कई और आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के तेल उद्योग के खिलाफ कई प्रतिबंधों की घोषणा की थी। हालांकि, रूसी अधिकारियों और सरकारी मीडिया ने पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों को काफी हद तक अप्रभावी बताते हुए खारिज कर दिया। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का मकसद यूक्रेन में युद्ध जारी रखने में रूस की मदद करने वाले राजस्व स्रोतों को बाधित करना और पुतिन पर शांति वार्ता की मेज पर आने के लिए दबाव बढ़ाना है। इन प्रतिबंधों को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के लिए जीत के तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने देश में युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस के खिलाफ कड़े उपाय लागू करने की मांग करते आए हैं। जेलेंस्की ने कहा, 'हम इसका इंतजार कर रहे थे। ईश्वर चाहेंगे तो यह काम करेगा। यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने ब्रसेल्स में एक शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे यूरोपीय संघ के नेताओं की ओर से रूस के खिलाफ ताजा प्रतिबंधों की घोषणा के बाद यह टिप्पणी की। अधिकारियों के मुताबिक, शांति स्थापना के लिए अमेरिका के नेतृत्व में हाल के महीनों में गए प्रयासों के बावजूद युद्ध समाप्त होता नजर नहीं आ रहा है और यूरोपीय नेता रूस से बढ़ते खतरे को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा स्रोतों से होने वाला राजस्व रूस की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जिससे पुतिन को सशस्त्र बलों को संसाधन उपलब्ध कराते रहने में मदद मिलती है। अधिकारियों के अनुसार, रूसी उपाय मुख्यत: रूस के तेल और गैस उद्योग को निशाना बनाते हैं। इनके तहत, यूरोपीय संघ में रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात और सैकड़ों पुराने तेल टैंकर के साथ संचालित 100 से ज्यादा नए जहाजों के बंदरगाहों पर रुकने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## पाकिस्तान कैबिनेट ने कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी टीएलपी पर प्रतिबंध को मंजूरी दी

**इस्लामाबाद/लाहौर :** पाकिस्तान की कैबिनेट ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत चरमपंथी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इस पार्टी ने हाल में मुल्क में हिंसक प्रदर्शन किए थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की जिसमें पंजाब सरकार के आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) 1997 के तहत धार्मिक समूह को गैरकानूनी घोषित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि कैबिनेट ने सर्वसम्मति से प्रतिबंध को मंजूरी दे दी, साथ ही कहा कि गृह मंत्रालय ने पंजाब सरकार के अनुरोध का सारांश प्रस्तुत किया और देश में टीएलपी की हिंसक और आतंकवादी गतिविधियों पर जानकारी प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि 2016 में स्थापित इस संगठन ने देश भर में हिंसा भड़काई है। इस संगठन के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इसमें बताया गया है कि टीएलपी पर 2021 में भी प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे छह महीने बाद इस शर्त पर हटा लिया गया था कि पार्टी भविष्य में अशांति और हिंसक गतिविधियां नहीं करेगी। इसमें कहा गया है कि संगठन पर वर्तमान प्रतिबंध का एक कारण 2021 में दी गई गारंटियों से मुकरना भी है। प्रतिबंध के बाद, टीएलपी को राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (एनएसीटीए) द्वारा प्रतिबंधित समूहों की सूची में शामिल कर दिया जाएगा। इस सूची में पहले से ही तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), लश्कर-ए-तैयबा जैसे उग्रवादी समूह और लश्कर-ए-झांगवी और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी समूह शामिल हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3242

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | 22 | | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ | |
| ■ | 27 | 28 | | ■ | 29 | | | 30 | |
| 31 | ■ | | ■ | 32 | | ■ | 33 | | ■ |
| 34 | | | | | | | ■ | 35 | |

*बायें से दायें :-* 1) गदीला, 4) मृत्यु, 7) अड़ियल, 8) इनकार, 10) शूर्पणखा, 12) आसमान, 14) ज़िद, 15) समाजवर्ग, 17) अखंड-नीय; कड़ा, 18) एक बड़ा फल, 21) नमस्कार, 24) फेरी दुकान, 25) मुठभेड़, 27) थिरकना, 29) एक बंगाली मिठाई, 32) पैर, 33) तल्लीन, 34) एक *मुहावरा,* जिसका अर्थ होता है : *घमंड़ करना,* 35) और.

*ऊपर से नीचे:-* 1) इश्क़, 2) डंडा, 3) गले के पीछे की हड्डी, 4) विलंब, 5) शरीर, 6) झोंपड़ी, 9) इच्छा आदि की सूचना के लिए प्रयुक्त शब्द, 11) काठ का बना घेरा, 12) ढाँचा, 13) अन्य, 16) जताना, 19) समझना, 20) कारण, 22) रेशमी, 23) दूध की साढ़ी, 26) एक फल *(साग-सब्जी)*, 28) उज्ज्वलता, 30) धिक्कार, 31) भटकती आत्मा, 32) एक संख्या.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | का | ज | ■ | म | र | तै | लि | या |
| फ़ि | ■ | ■ | ब | र | त | न | ■ | ली | द |
| ला | न | ■ | र | क्षा | ■ | वा | द | ■ | गा |
| ■ | व | ज़ | न | ■ | अ | स | र | ■ | र |
| ■ | जा | ■ | ■ | ढो | र | ■ | वे | द | ■ |
| म | त | दा | ता | ■ | थी | ■ | श | ह | द |
| ■ | ■ | मि | ला | प | ■ | सा | ■ | क | र |
| ज | वा | नी | ■ | द | वा | दा | रू | ■ | ख़ा |
| रा | स्ता | ■ | स्व | स्थ | ■ | ■ | प | रा | स्त |

## सुडोकू-पहेली-3199

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 6 | | 5 | 3 | |
| | | | | | | | | |
| 8 | 6 | | 2 | | | | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| | | | | 2 | | | | |
| | | 7 | 4 | | | 9 | | |
| | | 5 | | 1 | | | | |
| | | 3 | 8 | | | | | 9 |
| 1 | | | | | 5 | 3 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3198 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 8 | 2 |

# चुनाव से पहले भाजपा का बड़ा कदम, लगाएगी 700 सीएए सहायता शिविर

## मतुआ बहुल इलाकों पर विशेष जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा राज्य में 700 सीएए सहायता शिविर लगाएगी। प्रदेश भाजपा द्वारा बुधवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर यहां आयोजित एक विशेष बैठक के बाद पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने इसकी जानकारी दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ये शिविर विशेषकर मतुआ बहुल इलाकों में लगाए जाएंगे। राज्य में मतुआ समुदाय की बड़ी आबादी है, जो दशकों पहले बांग्लादेश से यहां आकर बस गए थे। विशेषकर उत्तर 24 परगना व नदिया जिलों में मतुआ का खासा प्रभाव है। बताया गया कि 17 जिलों में विधानसभावार सीएए सहायता शिविर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। उन जिलों पर इस कार्य की अलग से निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया है जहां मतुआ जैसे विस्थापित लोगों की बड़ी आबादी है। बैठक में मतुआ बहुल उत्तर 24 परगना व नदिया जिलों के के भाजपा विधायक भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं के अनुसार, जिन लोगों ने सीएए के तहत नागरिकता के लिए अभी तक आवेदन नहीं किया है, वैसे लोगों को इसकी प्रक्रिया के बारे में समझाया जाएगा। साथ ही, शिविर के माध्यम से आवेदन की सुविधा प्रदान की जाएगी। बैठक में भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने निर्देश दिया कि न केवल एसआईआर के लिए, बल्कि सीएए पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने राज्य भाजपा नेतृत्व से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन जल्द से जल्द जमा किए जाएं। सीएए पर यह बैठक लगभग साढ़े चार घंटे तक चली। इस संदर्भ में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि हम बांग्लादेशी शरणार्थी हिंदुओं के पक्ष में हैं। यह हमारा घोषित रुख है। हम उनके लिए कैंप लगाएंगे। जब तक भाजपा रहेगी, कोई भी शरणार्थी हिंदू का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।

# भाजपा की गुटबाज़ी में बर्बाद हुआ सांसद शांतनु ठाकुर द्वारा उद्घाटित सीएए शिविर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी के भीतर बढ़ती गुटबाज़ी एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। कल्याणी में सांसद शांतनु ठाकुर द्वारा उद्घाटित नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) शिविर में बुधवार की रात तोड़फोड़ की गई, जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया। आरोप है कि भाजपा के कल्याणी नगर मंडल अध्यक्ष तपस ब्यापारी और उनके समर्थकों ने इस शिविर पर हमला किया।

घटना के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि भाजपा के आंतरिक कलह और संगठनात्मक कमजोरी अब खुलेआम सामने आ रही है। यह घटना भाजपा के लिए आगामी विधानसभा चुनावों से



पहले असहज स्थिति पैदा कर रही है।

जानकारी के अनुसार, यह सीएए कार्यालय कल्याणी सेंट्रल पार्क स्थित भाजपा के मुख्य कार्यालय श्यामाप्रसाद भवन के पीछे स्थित था। बुधवार देर रात भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष तपस ब्यापारी और उनके समर्थकों ने वहां जमकर तोड़फोड़ की। एक मोटरसाइकिल, कई कुर्सियाँ और टेबल तोड़ी गईं, और कार्यालय की कई वस्तुएं क्षतिग्रस्त हुईं। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान शिविर में मौजूद एक भाजपा कार्यकर्ता घायल भी हुआ।

इस हमले के बाद भाजपा के अन्य गुटों के कार्यकर्ताओं में भी असंतोष फैल गया है। घटना के संबंध में कल्याणी थाने में तपस ब्यापारी और उनके समर्थकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह घटना बंगाल भाजपा की अंदरूनी कलह और संगठनात्मक विफलता को उजागर करती है, जो चुनाव से ठीक पहले पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

# दक्षिण दमदम में युवक को जलाकर मारने की कोशिश

## तृणमूल पार्षद के समर्थक पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण दमदम में तृणमूल पार्षद पर एक युवक को जलाकर मारने की कोशिश का आरोप लगा है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पता चला है कि नागेरबाजार थाना अंतर्गत दक्षिण दमदम नगरपालिका के वार्ड 11 के बेदियापाड़ा तारकनाथ कॉलोनी में एक युवक को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई। बताया गया है कि प्रभावित युवक का शरीर का 20 प्रतिशत हिस्सा जल गया है। युवक का गंभीर हालत में आरजी कर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना का आरोप स्थानीय तृणमूल पार्षद के समर्थक सुशांत दास और उनके सहयोगियों पर है। मिली जानकारी के अनुसार, गत बुधवार को क्षेत्र के एक परिवार के दामाद रंजीत कर्मकार तारकनाथ कॉलोनी में काली मूर्ति विसर्जन के बाद इलाके में खड़े थे। उस समय पार्षद और उनके समर्थक सुमन बनर्जी और सुशांत दास और कई अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि सामने खड़ी बाइक से पेट्रोल डालकर रंजीत को आग लगा दी गई। इसके बाद, नागेरबाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि पार्षद के समर्थक सुशांत दास का उस इलाके में दबदबा है। कोई भी स्थानीय व्यक्ति उसके खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। स्थानीय निवासियों का दावा है कि घायल रंजन कर्मकार इलाके में कम ही आता-जाता था। यह घटना क्यों हुई, इसका कोई पता नहीं है।

# 'बहनों के सम्मान के लिए प्राण तक देने को तैयार रहेंगे'

## भाईफोटा के मौके पर मेयर फिरहाद हाकिम ने ली शपथ

**कोलकाता :** कोलकाता के मेयर और राज्य मंत्री फिरहाद हाकिम ने भाईफोटा (भाई दूज) के अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की रक्षा का संकल्प लिया। चेतला अग्रणी इलाके में आयोजित समारोह में कई स्थानों से आई महिला-मंडलीयों ने भी भाग लिया और मेयर ने समाप्रदान किया।

मीडिया से बातचीत में फिरहाद हाकिम ने कहा कि भाई-बहन का बंधन धर्म से ऊपर है और यह हमारी बंगाली संस्कृति का मूल्य है। उन्होंने कहा, जो लोग महिलाओं का अपमान करते हैं वे मानव नहीं माने जा सकते; ऐसे लोगों को समाज से अलग किया जाना चाहिए। किसी महिला का अपमान पूरे समाज की लज्जा है।

मेयर ने आगे आगाह किया कि



महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार जैसे अपराधों के प्रति शासन का रुख सख्त है। उन्होंने कहा, हम सबको मिलकर यह प्रण लेना चाहिए कि बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ी तो प्राणों की आहुति भी दी जाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों ने मेयर के इस संदेश का स्वागत किया और सामूहिक रूप से महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प जताया। यह भी बताया गया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस महिला-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सतर्क हैं और आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

### राज्य में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के गृह एवं पर्वतीय कार्य विभाग ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के गुरुवार को तबादले और नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की है। ये तबादले चार्ज ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगे और आगे के आदेश तक लागू रहेंगे। ये नियुक्तियां सार्वजनिक सेवा के हित में की गई हैं। इस दिन, विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आईपीएस संदीप कर्रा को डीसी, वेस्ट जोन, एडीपीसी के पद पर से कूचबिहार के एसपी स्थान पर तैनात किया गया है। जबकि, कूचबिहार के एसपी आईपीएस द्युतिमान भट्टाचार्य को सीओ, एसएपी तीसरी बटालियन के पद पर नियुक्त किया गया है। आईपीएस सोनवाने कुलदीप सुरेश को एसएस, आईबी (प.बं) के पद पर से डीसी, वेस्ट जोन, एडीपीसी स्थान पर भेजा गया है।

# अम्हर्स्ट स्ट्रीट में प्रिंटिंग प्रेस में लगी भीषण आग, दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अम्हर्स्ट स्ट्रीट इलाके में स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में गुरुवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 8 बजे अम्हर्स्ट स्ट्रीट के मकान संख्या 106/3 में स्थित दो मंजिला प्रिंटिंग प्रेस से धुआं निकलता देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। खबर मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने साक्शन मशीन लगाकर अंदर जमा धुआं बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि, क्षेत्र घनी आबादी वाला होने के कारण आग तेजी से फैल गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान आस-पास की कई दुकानें भी



आग की चपेट में आ गईं और कुछ सामान जलकर नष्ट हो गया। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आस-पास के मकानों से लोग बाहर निकल आए। दमकल कर्मी सीढ़ियों की मदद से इमारत के अंदर प्रवेश कर आग के स्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रेस के भीतर ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। दमकल विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बंगाल को मिलेगा अपना एंटी-वेनम, तरल और पाउडर फॉर्मेट में होगा उपलब्ध

❑ **दो संस्थाओं को मिली अंतिम मंजूरी, 10 नवंबर तक अनुबंध पूरा कर उत्पादन शुरू होगा**

**कोलकाता :** लंबे समय से सर्पदंश के इलाज के लिए बंगाल अब अपना घरेलू एंटी-वेनम सीरम (एवीएस) तैयार करने जा रहा है। विष संग्रहण के लिए पहले ही एक संस्था को जिम्मेदारी दी गई थी, और अब दो संस्थाओं को विष से एवीएस बनाने की अंतिम मंजूरी मिल गई है। इन संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे 10 नवंबर तक अनुबंध पूरा कर दें, उसके बाद उत्पादन की प्रक्रिया शुरू होगी।

सीरम बनाने के लिए सर्प के विष को घोड़े के शरीर में प्रवेश कराया जाएगा। घोड़े के रक्त में एंटीबॉडी बनने के बाद, उसे नियमों के अनुसार एवीएस में परिवर्तित किया जाएगा। यह एंटी-वेनम सिर्फ तरल रूप में नहीं बल्कि पाउडर रूप में भी तैयार किया जाएगा, जिससे इसे लंबे समय तक बिना फ्रिज के भी सुरक्षित रखा जा सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह एवीएस चार मुख्य प्रकार के सापों - चंद्रबोड़ा या रस्सेल्स वाइपर, स्केल्ड वाइपर, स्पेक्टैकल कोबरा या गोखरो और कॉमन क्रेट या काला च - के लिए प्रभावी होगा। इस प्रकार यह पॉलिवैलेण्ट एंटी-वेनम एक ही दवा से इन चार सर्पों के काटने के इलाज में काम आएगी।

इस योजना के लागू होने से राज्य के कई दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग सीधे लाभान्वित होंगे।

# प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने और अनुचित व्यवहार के आरोप में 153 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने दीपावली के बाद हुए जश्न के दौरान विभिन्न कानूनों के उल्लंघन करने के आरोप में 153 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें अनुचित व्यवहार और प्रतिबंधित आतिशबाजी छोड़ना शामिल है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। बुधवार को की गई कुल गिरफ्तारियों में से 146 लोगों को अभद्र व्यवहार के लिए गिरफ्तार किया गया, जबकि सात लोगों को प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के लिए गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि जुए से संबंधित किसी भी अपराध के तहत कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, साथ ही पुलिस ने इस दौरान 383 यातायात अभियोग भी शुरू किए। इस अभियान के दौरान, पुलिस



अधिकारियों ने 16.95 किलो प्रतिबंधित आतिशबाजी सामग्री और 14.4 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। अधिकारी ने बताया कि यातायात उल्लंघन मामलों में 85 मामले बिना हेलमेट के वाहन चलाने के हैं। साथ ही, 37 मामले बिना हेलमेट के पीछे बैठने, 73 लापरवाही से वाहन चलाने और 64 शराब पीकर वाहन चलाने के थे। 124 ऐसे मामले हैं जो 'अन्य' श्रेणी के अपराधों में शामिल थे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-004, दिनांक: 16.10.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/सियालदह, पहली मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-004। कार्य का नाम:** तीन (03) वर्षों के लिए सियालदह मंडल के अधीन नारकेलडांगा ईएमयू कारशेड में मेसर्स एचईसी, रांची निर्मित टाइप : यू2000-400, मॉडल : एलयूडब्ल्यू 176 एन के सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन का व्यापक वार्षिक रखरखाव (सीएएमसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 79,26,725.52। **बयाना राशि:** ₹ 1,58,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 36 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-233/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/एम/समन्वय, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता (फेज-III) के उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन में उच्च चालकता एल्यूमीनियम थर्ड रेल का प्रावधान; **विज्ञापित मूल्य:** ₹43,20,84,214.46 मात्र। **अंतिम तिथि और समय:** 10.12.2025 को 15.00 बजे (एसआईटी); **प्री-बिड मीटिंग की तिथि:** 11.11.2025 को 11.30 बजे (एसआईटी); **नोटिस बोर्ड का पता:** प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर का कार्यालय, मेट्रो रेलवे, 33/1, जे.एल. नेहरू रोड, कोलकाता 700 071. **वेबसाइट विवरण: https://www.ireps.gov.in**

**निविदा संख्या: ईएलएम142आर एएलआरएल_पी3_डी21-10-25**

हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/39, दिनांक: 17.10.2025।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल में 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए ट्रेन संख्या 12019/12020 (हावड़ा-रांची-हावड़ा) शताब्दी एक्सप्रेस के कोचों के अंदर निर्धारित स्थानों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटेलॉग संख्या : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-39। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 01.11.2025 को सुबह 10.00 बजे। **एसईक्यू. संख्या:** एए/1। **लॉट संख्या:** एडीवीटी-आईएनटी-137608-2-25-2 (एडवरटाइजिंग - ट्रेन इंटीरियर)। **विवरण:** ट्रेन संख्या 12019/12020 (हावड़ा-रांची-हावड़ा) शताब्दी एक्सप्रेस के कोचों के अंदर निर्धारित स्थानों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के लिए अनुबंध प्रदान करना।

(HWH-353/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-15-2025-26-आर, दिनांक: 16.10.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंज़िल, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-15-2025-26-आर। कार्य का नाम:** (i) बारुईपुर जंक्शन-नामखाना (डाउन)-टीआरआर (पी)-8.782 टीकिमी. एवं रानाघाट जंक्शन-बनगांव जंक्शन (एसएल)-टीआरआर (पी)-13.585 टीकिमी.। (ii) डानकुनी-बालीगंज-टीआरआर (पी)-2.181 टीकिमी.। (iii) दमदम जंक्शन-कल्याणी जंक्शन-सीटीआर (पी)-8.699 टीकिमी.। (iv) दमदम जंक्शन-पेट्रापोल-टीआरआर (पी)-24.590 टीकिमी.। (v) रानाघाट-बनगांव (एसएल) -सीटीआर (पी)-7.006 टीकिमी.। (vi) रानाघाट-गेदे -टीआरआर (पी)-29.790 टीकिमी.। (vii) रानाघाट-कृष्णनगर (डाउन)-टीआरआर (पी)-21.990 टीकिमी.। (viii) रानाघाट-कृष्णनगर-सीटीआर (पी)-25.127 टीकिमी. के लिए ट्रैक नवीकरण का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 70,49,595। **बयाना राशि:** ₹ 1,41,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख:** 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा सूचना और समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-234/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/6787727, दिनांक 15.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा खुली निविदा के आधार पर कार्य ठेके के जरिये **05 वर्षों की अवधि के लिए एक्सल टर्निंग लेथ मशीन, क्रम सं. 92114000, डिपार्टमेंट संख्या 20/486, निर्माता - मेसर्स अस्कर माइक्रोन के वार्षिक रखरखाव अनुबंध के कार्य** हेतु खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **बोली समाप्त होने की तारीख/समय:** 05.11.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **बोली खुलने की तारीख/समय:** 05.11.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **जमा बयाना राशि:** बोली अनुमानित मूल्य का 2 % अर्थात ₹ 91,660। **ई-पीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 5%। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 45,83,000। **पूरा करने की अवधि:** 60 महीना। **एस्टीमेट संख्या:** एमसीपी/एम एंड पी/सीएएमसी/सीएनसी-एटीएल/20-486/2025, दिनांक: 15.07.2025। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होगा तथा जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के जरिये दरें ऑनलाइन कोट करनी होंगी तथा ऑनलाइन जमा करनी होंगी।

(MISC-244/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह-जयनगर-सियालदह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

आगामी छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03183/03184 सियालदह - जयनगर - सियालदह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| सियालदह - जयनगर स्पेशल | | | (03183) (03184) | जयनगर-सियालदह स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 24.10.25 | – | 17.00 | ↓ सियालदह | 00.30 | – | 26.10.25 |
| | 19.10 | 19.12 | बर्द्धमान जंक्शन | 21.55 | 21.57 | 25.10.25 |
| | 21.10 | 21.15 | आसनसोल जंक्शन | 20.10 | 20.15 | |
| | 23.10 | 23.12 | जसीडीह जंक्शन | 17.25 | 17.27 | |
| 25.10.25 | 04.40 | 04.45 | दरभंगा जंक्शन | 11.00 | 11.05 | |
| | 07.00 | – | जयनगर ↑ | – | 09.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में नैहाटी जंक्शन, बैण्डेल जंक्शन, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर जंक्शन, झाझा, किऊल जंक्शन, बरौनी जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: सियालदह से - 03183** दिनांक 24.10.2025 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप और **जयनगर से - 03184** दिनांक 25.10.2025 (शनिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 18, एसएलआरडी - 02 = 20 कोच (अनारक्षित)। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**वर्ष 2025 के नवंबर महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम की सूचना**

**सं.: एस. 4/एस/डीएपी/2025-26** **दिनांक : 22.10.2025**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/विक्रय, पूर्व रेलवे, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता- 700001 निम्नलिखित विवरण के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं:

| क्र. | डिपो/मंडल | न्यायक्षेत्र | तारीख |
|---|---|---|---|
| 1 | बीईएसवाई डिपो | बीईएसवाई डिपो, लिलुआ वर्कशॉप, हावड़ा और आसनसोल मंडल | 04.11.2025, 12.11.2025, 19.11.2025, 26.11.2025 |
| 2 | हालीशहर डिपो | हालीशहर डिपो, कांचरापाड़ा वर्कशॉप और सियालदह मंडल | 06.11.2025, 14.11.2025 21.11.2025, 28.11.2025 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो, जमालपुर वर्कशॉप और मालदा मंडल | 07.11.2025, 13.11.2025, 20.11.2025, 27.11.2025 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 07.11.2025, 14.11.2025, 20.11.2025, 26.11.2025 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 04.11.2025, 11.11.2025, 17.11.2025, 24.11.2025 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 06.11.2025, 12.11.2025, 18.11.2025, 27.11.2025 |
| 7 | मालदा मंडल | मालदा मंडल | 30.10.2025, 07.11.2025, 13.11.2025, 19.11.2025, 25.11.2025 |

**वि.द्र.:** ई-नीलामी की अनुसूची, अन्य विवरण तथा नियम और शर्तें वेबसाइट : **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

(STORES-44/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ओटीआर_बीबीएम_प्रेस_20_474_केपीएसी, दिनांक 17.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** खुली निविदा प्रणाली पर कार्य ठेके के जरिये बाहर की एजेंसी द्वारा शॉप संख्या 20/सी/कांचरापाड़ा में मेसर्स ऑफसने मेक्कानिका (बीबीएम) इटली द्वारा आपूर्ति की गई हाइड्रोलिक व्हील प्रेस मशीन, डिपार्ट. संख्या 20/474, 500टी, क्रम संख्या 337 की एकबारगी मरम्मत (एक साल की वारंटी सहित)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 48,26,200। **जमा की जाने वाली बोली प्रतिभूति:** ₹ 96,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट 16.10.2025 से 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **कार्य पूरा करने की अवधि:** मरम्मत का कार्य 90 दिनों के अंदर पूरा करना होगा। **विज्ञापन अवधि:** 16.10.2025 से 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 27.10.2025 से 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 69 (उनहत्तर) दिन। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा 10.11.2025 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोली जाएगी।

(MISC-242/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: टॉयलेटअप_25-26, दिनांक 18.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** 18 (अट्ठारह) महीनों की अवधि के अंदर कैरेज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में पीबी संख्या 320/2024-25 एवं 330/2025-26 के मार्फ़त मंजूर बल्क आरएसपी कार्य के तहत 240 अदद कोचों की कुल संख्या के लिए गैर-वातानुकूलित एलएचबी कोचों में शौचालयों का क्रमोन्नयन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 22,35,65,956.80। **जमा की जाने वाली बोली प्रतिभूति:** ₹ 12,67,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट 18.10.2025 से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीना। **विज्ञापन अवधि:** 18.10.2025 से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पहले से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा की वैधता :** 69 (उनहत्तर) दिन। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे या उसके बाद खोली जाएगी।

(MISC-248/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा-गोरखपुर-हावड़ा अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन**

आगामी **छठ पर्व** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03047/03048 हावड़ा - गोरखपुर - हावड़ा अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| हावड़ा - गोरखपुर स्पेशल | | | (03047) (03048) | गोरखपुर-हावड़ा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 26.10.2025 (रविवार) | -- | 16.50 | ↓ हावड़ा | 08.30 | -- | 28.10.2025 (मंगलवार) |
| | 20.13 | 20.15 | दुर्गापुर | 03.30 | 03.32 | |
| | 22.30 | 22.32 | जसीडीह | 00.42 | 00.44 | |
| 27.10.2025 (सोमवार) | 02.10 | 02.20 | बरौनी जंक्शन ↑ | 21.00 | 21.10 | 27.10.2025 (सोमवार) |
| | 10.15 | -- | गोरखपुर | -- | 13.00 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, बर्द्धमान, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन की तिथियाँ/दिन: हावड़ा से: 03047** दिनांक 26.10.2025 (रविवार) को = 1 ट्रिप और **गोरखपुर से: 03048** दिनांक 27.10.2025 (सोमवार) को = 1 ट्रिप। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 02 = 22 कोच (अनारक्षित); ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**खड़गपुर मंडल के तहत विज्ञापन अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: एडीवीटी-केजीपी-2025-10 दिनांक 22.10.2025**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं-**नीलामी की तिथि: 06.11.2025 को 10.30 बजे से 16.30 बजे तक। ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-केजीपी-25-10 (1)** मौरीग्राम स्टेशन, कोलाघाट स्टेशन, देउलटि स्टेशन, मादपुर स्टेशन, बालीचक स्टेशन, आमता स्टेशन, हल्दिया स्टेशन, काँथि स्टेशन, गिरी मैदान स्टेशन, श्यामचक स्टेशन, रामराजतला स्टेशन, कुलगाछिया स्टेशन, राधामोहनपुर स्टेशन, हिजली स्टेशन, चेंगाइल स्टेशन, भोगपुर स्टेशन, मेचेदा स्टेशन, फुलेश्वर स्टेशन और सांतरागाछी-कोना-एक्सप्रेस-वे रेलवे एरिया में होर्डिंग/बोर्ड के माध्यम से आउट ऑफ होम एरिया (अर्थात स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, पीएफ फेंसिंग के बाहर, पीएफ के बाहर आदि) में वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **(2)** सांतरागाछी स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के निकट दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में एक वीडियो वॉल/डिजिटल स्क्रीन की स्थापना, संचालन और रखरखाव द्वारा वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **(3)** आबादा स्टेशन, बेलदा स्टेशन, देउलटि स्टेशन, मादपुर स्टेशन, कोलाघाट स्टेशन, श्यामचक स्टेशन और हल्दिया स्टेशन के अंदरूनी स्टेशन क्षेत्र में बोर्ड, ग्लो साइन, कियोस्क आदि के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन-डिजिटल) का प्रदर्शन। **(4)** खड़गपुर मंडल के तहत चलने वाली चार ईएमयू रेकों की साइड वॉल (खिड़कियों और रेलवे के अनिवार्य चिह्नों को छोड़कर) की संपूर्ण बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **(5)** ट्रेन नं. 12837/12838 (हावड़ा-पुरी एक्सप्रेस) के एसी 3 टियर और स्लीपर कोचों के इंटीरियर बे में आरडीएसओ विनिर्देशों के अनुसार विनाइल स्टिकर चिपकाए जाने के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। ट्रेन नं-12885/12886 शालीमार-भोजूडीह अरण्यक के निर्दिष्ट कोचों के वॉश बेसिन और वॉशरूम के पास स्थित दर्पण पर निर्दिष्ट क्षेत्र में और फूड ट्रे+सीट के पीछे विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार) चिपकाने के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। ट्रेन नं-12222/12221 हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस के सभी कोचों में वॉश बेसिन और वॉशरूम के पास स्थित दर्पण पर निर्दिष्ट क्षेत्र में विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार) चिपकाने के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **नीलामी की तिथि: 10.11.2025 को 11.30 बजे से 12.10 बजे तक।** निम्नलिखित परिसंपत्तियों के लिए, **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-केजीपी-25-11, (1)** आंदुल स्टेशन के अंदरूनी स्टेशन क्षेत्र में बोर्ड, ग्लो साइन, कियोस्क आदि के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन-डिजिटल) का प्रदर्शन। **(2)** खड़गपुर स्टेशन में होर्डिंग/बोर्ड के माध्यम से आउट ऑफ होम एरिया (जैसे स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, पीएफ फेंसिंग के बाहर, पीएफ के बाहर आदि) में वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन, जो **https://www.ireps.gov.in/ वेबसाइट** में सूचित किए गए हैं। इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को इस पर ध्यान देना चाहिए और ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर वर्णित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-758) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# हरिणघाटा में अवैध हथियार के साथ अहमदाबाद निवासी युवक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हरिणघाटा के बिरही में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर गुरुवार को आग्नेयास्त्रों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक आग्नेयास्त्र और दो राउंड गोलियां बरामद की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में एक युवक को हाथ में आग्नेयास्त्र के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया। इस घटना से इलाके के लोग दहशत में आ गए। उसके बाद, स्थानीय लोगों ने हरिणघाटा थाने के अंतर्गत मोहनपुर पुलिस फांड़ी को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद, पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची। युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद, उसे गिरफ्तार कर मोहनपुर पुलिस फांड़ी लाया गया। वहां पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक का नाम सिद्धार्थ सिंह उर्फ बिक्रम सिंह (31) है। वह गुजरात के अहमदाबाद का निवासी है। उसका ससुराल नदिया जिले के शांतिपुर इलाके में है। इस दिन, दोपहर में युवक को कल्याणी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। जज ने सात दिनों की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को पुलिस हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## तारापीठ में हथियार के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**बीरभूम :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार की दोपहर तारापीठ में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने बिर्चंद्रपुर रोड स्थित 'जय मां तारा होटल' के सामने बेसिक मोड़ इलाके में छापेमारी की और मुंगेर (बिहार) के अभय कुमार शर्मा (45) तथा मल्लारपुर (बीरभूम) के मिनारुल शेख (35) को पकड़ा। तलाशी के दौरान दोनों के पास से 7.65 मि.मी. कैलिबर की दो इम्प्रोवाइज़्ड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौलें, दो लोडेड मैगज़ीन और अतिरिक्त दो मैगज़ीन बरामद की गईं। इस मामले में तारापीठ थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियार कहां से लाए गए और किसे सप्लाई किए जाने थे। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के अन्य सदस्य भी सक्रिय हैं और उनकी तलाश में छापेमारी जारी है।

## काकद्वीप में काली प्रतिमा खंडित करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

### आरोपित का कोई राजनीतिक संबंध नहीं : पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा** दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एक मंदिर में बुधवार को मां काली की मूर्ति को खंडित (क्षतिग्रस्त) करने की घटना में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने नशे की हालत में ऐसा किया था। बता दें कि यह घटना सूर्यनगर ग्राम पंचायत की है, जहां ग्रामीणों ने काली मंदिर में मूर्ति को क्षतिग्रस्त देखा। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया। सुंदरवन पुलिस जिले के अधीक्षक (एसपी) कोटेश्वर राव ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि इस घटना में नारायण हलधर नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद उसने कबूल किया कि उसने नशे की हालत में मूर्ति को खंडित किया था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस अपराध में कोई और व्यक्ति भी शामिल था। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है। हालांकि, पुलिस ने दावा किया कि आरोपित का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। एसपी कोटेश्वर राव ने जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर गलत जानकारी या अफवाहें न फैलाएं, क्योंकि कुछ लोग निजी लाभ के लिए इस मुद्दे का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

## राज्यपाल ने छह विश्वविद्यालयों के भावी कुलपतियों को सोमवार को बुलाया राजभवन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य के छह विश्वविद्यालयों के भावी कुलपतियों को राजभवन तलब किया है। उन्होंने सोमवार को राजभवन में यह बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि कलकत्ता विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय, विश्व बांग्ला विश्वविद्यालय समेत छह विश्वविद्यालयों के मनोनीत कुलपतियों को इस बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल नव मनोनीत कुलपतियों के कार्यभार संभालने से पहले उनके साथ विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं, नीतियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में विश्वविद्यालयों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार पर भी ज़ोर दिया जा सकता है।

## विष्णुपुर में तालाब में डूबकर युवक की मौत

**बांकुड़ा :** जिले के विष्णुपुर नगरपालिका के वार्ड 15 के छुतरबुड़ी बैलापाड़ा इलाके में गुरुवार को एक युवक का शव तालाब से बरामद किया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान तारा कर्मकार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, तारा कर्मकार बुधवार की रात 9 बजे के बाद से लापता थे। कुछ लोगों ने देखा कि वह स्थानीय तालाब में गिर गए और तुरंत उनके घर जाकर इसकी सूचना दी। इसके बाद, कुछ स्थानीय लोगों ने तालाब में उतरकर उनकी तलाश शुरू कर दी। सूचना मिलने पर डिसास्टर मैनेजमेंट टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और रातभर की तलाश के बाद गुरुवार सुबह तालाब से तारा का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि युवक की मौत सिर्फ़ दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और कारण है। मामले की जांच जारी है।

# सियालदह से जयनगर के लिए आज चलेगी अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन



**कोलकाता, समाज्ञा :** छठ पूजा के अवसर पर सियालदह से जयनगर तक अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवा शुरू होगी। पूर्व रेलवे ने कोलकाता-जयनगर मार्ग के यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए गंगासागर एक्सप्रेस मार्ग पर अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन सेवा के माध्यम से यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और समय-बचत यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत, 03183 सियालदह-जयनगर अनारक्षित विशेष ट्रेन 24 अक्टूबर को सियालदह से 17:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन जयनगर 07:00 बजे पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 03184 जयनगर-सियालदह अनारक्षित विशेष ट्रेन 25 अक्टूबर को जयनगर से 09:00 बजे रवाना होकर अगले दिन सेलबा 00:30 बजे पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसिडीह, झाझा, कीउल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में सभी कोच अनारक्षित होंगे, ताकि छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अपेक्षित भीड़ को पूरी तरह से संभाला जा सके।

# आसनसोल में चिटफंड के नाम पर 350 करोड़ का फर्जीवाड़ा, तृणमूल नेता पर आरोप

- **शुभेंदु अधिकारी ने ईडी जांच एवं तत्काल गिरफ्तारी की मांग की**
- **तृणमूल का दावा, पार्टी का कोई संबंध नहीं प्रशासन कर रही जांच**



**आसनसोल :** आसनसोल में हाल ही में सामने आए 350 करोड़ के चिटफंड घोटाले ने राजनीतिक हलचल मचा दी है। विपक्षी दल भाजपा के वरिष्ठ नेता व विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस नेता के बेटे ताहसिन पर लगाए गए है और उन्होंने आरोपों को लेकर केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से तत्काल जांच की मांग की है। शुभेंदु ने घोटाले के मास्टरमाइंड ताहसिन और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की भी मांग की है, साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया। यह घोटाला तीन वर्षों से चल रहा था, जिसमें ताहसिन ने एक फर्जी और बिना लाइसेंस वाली कंपनी के माध्यम से 3,000 से अधिक परिवारों को 14% मासिक रिटर्न का लालच देकर ठगा। निवेशकों ने अपनी जमीनें बेचीं, कर्ज लिए और जीवनभर की कमाई गंवा दी। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया और बयानों के जरिए इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह टीएमसी प्रायोजित फर्जीवाड़ा है। बड़े नेताओं और भ्रष्ट प्रशासन ने इसे संरक्षण दिया। ईडी को धन के स्रोतों, बेनामी संपत्तियों और संभावित आतंक फंडिंग की जांच करनी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने एक बयान जारी कर मांगें की कि घोटाले के धन का ट्रेल, टीएमसी के कनेक्शन और संभावित गैर-कानूनी उपयोग (जैसे बेनामी संपत्तियां या राजनीतिक फंडिंग) की गहन जांच, ताहसिन अहमद और उसके पूरे गिरोह को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। सभी प्रभावित परिवारों को पूर्ण मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। हालांकि, इस विवाद को लेकर राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने पहले ही कहा कि इस विवाद से तृणमूल का कोई संबंध नहीं है। पुलिस प्रशासन मामले की छानबीन कर रहा है।

# कोलाघाट में होजियरी कारखाने में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कोलाघाट थाना अंतर्गत कुमारहाट इलाके में गुरुवार की सुबह एक होजियरी (कपड़ा) कारखाने में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना सुबह लगभग 6 बजे की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अचानक धुआं और लपटें उठने के बाद तुरंत पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। सूचना पाकर कोलाघाट थाना पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आग में कारखाने का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है, लेकिन कुछ स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि भोर के समय वहां पटाखे फोड़े जा रहे थे, जिससे आग लगी हो सकती है। अनुमान है कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सौभाग्य से, भाई फोटा (भाइदूज) के अवकाश के कारण उस समय कारखाना बंद था और अंदर कोई मजदूर मौजूद नहीं था।

## आईआईएम-कलकत्ता और एसआरएफटीआई के बीच शैक्षणिक, व्यावसायिक सहयोग के लिए समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता और सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) ने शैक्षणिक, अनुसंधान और व्यावसायिक सहयोग का मसौदा तैयार करने के लिए गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक बयान के मुताबिक, आईआईएम-कलकत्ता के निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय और एसआरएफटीआई के कुलपति प्रोफेसर समीरन दत्ता की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। आईआईएम-कलकत्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, यह समझौता ज्ञापन भारत में एक प्रमुख बिजनेस स्कूल और मीडिया उत्कृष्टता के एक अग्रणी संस्थान के बीच पहली बार सहयोग का प्रतीक है। समझौते के तहत, दोनों संस्थान अंतर-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के साथ-साथ संयुक्त अनुसंधान, शिक्षण और परामर्श पहल करेंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक, यह साझेदारी संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान और सहयोगात्मक परियोजनाओं को संभव बनाएगी। साथ ही, विश्लेषणात्मक और कलात्मक अभिव्यक्ति के बीच तालमेल बढ़ाएगी।

## बंगाल में एसआईआर से पहले जिला स्तरीय बैठक, चुनाव आयोग ने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली की बैठक फिलहाल खत्म हो गई है। अब जिला स्तरीय बैठक शुरू होगी। गुरुवार की दोपहर दिल्ली में एसआईआर पर तैयारी बैठक खत्म होते ही आयोग ने बंगाल में जिला स्तरीय बैठक की घोषणा कर दी है। एसआईआर या विधानसभा चुनाव, इस बैठक में क्या चर्चा होगी? दिल्ली में हुई इस बैठक के बाद आयोग ने राज्य के सभी जिलों के बीएलओ के साथ पहली बैठक की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि जिला स्तरीय बैठक 27 अक्टूबर से शुरू होगी। इसमें ईआरओ और बीएलओ आमने-सामने होंगे। ईआरओ ने दांतन, केशियाड़ी, खड़गपुर सदर, खड़गपुर, नारायणगढ़ और सबंग के बीएलओ को बैठक में शामिल होने का निर्देश पहले ही दे दिया है। इसलिए कुछ बूथ लेवल अधिकारियों का माननाहै कि यह बैठक अंतिम है।

# हावड़ा और गोरखपुर के बीच चलेगी एक और छठ पूजा स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** छठ पूजा के अवसर पर हावड़ा और गोरखपुर के बीच स्पेशल अनारक्षित ट्रेन सेवा शुरू की गई है। इसके तहत, 03047 हावड़ा-गोरखपुर अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन 26 अक्टूबर को हावड़ा से 16:50 बजे रवाना होगी और अगले दिन गोरखपुर 10:15 बजे पहुंचेगी। वहीं, 03048 गोरखपुर-होवड़ा अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन 27 अक्टूबर को गोरखपुर से 13:00 बजे रवाना होकर अगले दिन हावड़ा 08:30 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसिडीह, झाझा, कीउल, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। त्योहारों के समय बड़ी भीड़ और बढ़ते यात्री ट्रैफिक को देखते हुए सुरक्षा संबंधी चुनौतियां जैसे भीड़भाड़, पिकपॉकेटिंग, नशीला पदार्थ देने की कोशिश और अन्य संभावित खतरनाक गतिविधियां उत्पन्न हो सकती हैं। इसके मद्देनजर आरपीएफ ने विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों को प्लेटफार्म, फुट-ओवर ब्रिज और स्टेशनों पर तैनात किया गया है, ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और किसी भी संभावित दुर्घटना या भगदड़ की स्थिति को रोका जा सके।

# हावड़ा डिवीजन ने विशेष अभियान 5.0 में स्वच्छता और अमृत संवाद का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने विशेष अभियान 5.0 के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान और अमृत संवाद का आयोजन किया। यह पहल यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक रेलवे स्टेशन सुनिश्चित करने के डिवीजन के संकल्प को उजागर करती है। इस स्वच्छता अभियान में बंडेल, आजीमगंज, रामपुरहाट, अहमदपुर और मागरा जैसे प्रमुख स्टेशनों के साथ-साथ वर्दवान, रामपुरहाट, हावड़ा और बामनगाछी रेलवे कॉलोनियों को भी शामिल किया गया। प्लेटफॉर्म, शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष, सर्कुलेटिंग एरिया, नाले और स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि हर स्टेशन पर समग्र और सतत सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

अधिकारी, पर्यवेक्षक और हाउसकीपिंग स्टाफ ने समन्वय के साथ काम करते हुए प्रत्येक स्थान पर स्पष्ट बदलाव सुनिश्चित किया। साथ ही, खगराघाट रोड स्टेशन पर अमृत संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी यात्रियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के साथ सीधे संवाद में शामिल हुए। इस सत्र में चल रहे पहल के बारे में जानकारी साझा की गई, यात्रियों और स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया ली गई और स्टेशन की स्वच्छता और सुविधाओं के सुधार में सामूहिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## तस्वा और शुभमन गिल की साझेदारी: आधुनिक भारतीय फैशन में परंपरा, प्रेम और आत्मविश्वास का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** आधुनिक भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड, तस्वा, जो आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और डिजाइनर तरुण तहिलियानी का संयुक्त उपक्रम है, ने क्रिकेट स्टार शुभमन गिल को अपने नए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया है। यह गिल का किसी वेडिंग वियर ब्रांड के साथ पहला सहयोग है, जो तस्वा की नई फैशन दृष्टि को उजागर करता है - जहां शादी परंपरा से नहीं, बल्कि प्रेम, आत्मीयता और साझेदारी से परिभाषित होती है। शुभमन गिल ने कहा कि तस्वा का संदेश उन्हें इसलिए प्रेरित करता है क्योंकि यह शादियों को आत्मविश्वास और सहजता से जीने की कला मानता है। तरुण तहिलियानी ने इसे प्रेम और समानता के उत्सव का प्रतीक बताया, जबकि ब्रांड हेड आशीष मुकुल ने कहा कि यह सहयोग आधुनिक जोड़ों की सोच को मजबूत करता है। ऑटम-विंटर '25 कलेक्शन में तस्वा ने पारंपरिक कारीगरी को समकालीन डिजाइन के साथ जोड़ते हुए नए रंगों और पैटर्न का मिश्रण पेश किया है।

# 300 छठव्रतियों में वितरित किए गए साड़ी व पूजन सामग्री



**कोलकाता :** आस्था का महापर्व के अवसर पर कलकत्ता क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में लगभग300 छठव्रतियों को साड़ी,सूप,नारियल व अन्य पूजन सामग्री के बीच सर्व मांगला मंदिर के पास समाज सेवी सच्चिदानंद की अध्यक्षता में वितरित किया गया।मौके पर स्थानीय पार्षद सुमन सिंह ने कहा कि छठ पूजा के बहाने हम प्रकृति व जीवन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा कर हम सुख- समृद्धि व संतान की रक्षा भी करते हैं। इस अवसर पर दमदम नगर पालिका के चेयरमैन हरेन्द्र सिंह,रणधीर सिंह,डा.हरेन्द्र सिंह,राजा बाबू सिंह,अरविन्द सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था के संरक्षक प्रभुनाथ सिंह,डा.विवेक सिंह,जय सिंह,अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष वृज भूषण सिंह,राजेश सिंह,प्रमोद सिंह,डा.रवि सिंह,महासचिव भरत कुमार सिंह,सचिव मोहन सिंह-दीप नारायण सिंह,कोषाध्यक्ष बरमेश्वर सिंह,मुख्य सलाहकार ब्रीजेश सिंह-अनुकूल सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सिंह 'आदर्श ने किया।

# हावड़ा डिवीजन ने भीड़ नियंत्रण, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग और यात्री सहायता के साथ तैयारियां पूरी की



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने त्योहारों के समय यात्री भीड़ प्रबंधन को और मजबूत किया, बेहतर सुविधाओं, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग और यात्री सहायता के साथ। काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर, हावड़ा डिवीजन ने यात्री भीड़ को सुचारू रूप से संभालने और बोर्डिंग अनुभव को आसान बनाने के लिए व्यापक उपाय लागू किए हैं। भारत के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक, हावड़ा स्टेशन, प्रतिदिन लगभग 6.43 लाख यात्रियों को संभालता है। बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए, 54 नियमित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा सात त्योहार विशेष ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। इनमें शामिल हैं: हावड़ा-पटना, हावड़ा-लुमडिंग, हावड़ा-खाटीपुरा, हावड़ा-रक्सौल, हावड़ा-नई दिल्ली और वर्दवान-फतूहा जैसी ट्रेनें, जिनकी अलग-अलग तारीखों और समय पर चलने की व्यवस्था है। त्योहार विशेष के अलावा, अनारक्षित स्पेशल ट्रेन भी हावड़ा और गोरखपुर के बीच चलाई जा रही है, जिसमें आसनसोल, जसिडीह, कीउल, हाजीपुर और छपरा मार्ग शामिल हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए, 22 से 26 अक्टूबर के बीच हावड़ा स्टेशन के प्रवेश और निकास मार्ग अलग कर दिए गए हैं। मेट्रो से आने वाले यात्रियों को सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 14:00 से 24:00 बजे तक अतिरिक्त 100 मीटर चलना होगा। वाहन प्रबंधन को आसान बनाने के लिए ओल्ड कैब रोड 24 और 25 अक्टूबर को 17:00 से 24:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। भीड़ नियंत्रण को और बेहतर बनाने के लिए, स्टेशन पर 7360 और 4900 वर्ग फुट के दो बड़े होल्डिंग क्षेत्र बनाए गए हैं, जो अस्थायी प्रतीक्षा क्षेत्र के रूप में काम करेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए साइनबोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और दिशा निर्देश के मार्किंग को भी उन्नत किया गया है।

# खड़गपुर में विवाहित प्रेमिका के दबाव में भाई दूज के दिन भाई ने की आत्महत्या

- **मांग के अनुसार उपहार नहीं मिलने पर प्रेमिका कथित युवक को करती थी ब्लैकमेल**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** भाई दूज के दिन जहां हर घर में भाई-बहन के स्नेह का पर्व मनाया जा रहा था, वहीं पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर में इंदा बॉयेज स्कूल इलाके के गुड़ी पोखरपाड़ा स्थित घोष परिवार के घर से एक युवक का फंदे से झूलता शव बरामद किया गया। मृतक का नाम कौशिक घोष है। घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, कौशिक की बहन रूपाली की शादी हो चुकी थी, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी उसने भाई फोंटा की तैयारी की थी। तभी अचानक भाई की मौत की खबर मिलते ही वह मायके पहुंची और रो-रोकर बेसुध हो गई। मृतक की बहन रूपाली ने आरोप लगाया कि कौशिक का एक विवाहित महिला से प्रेम संबंध था, जिसके दो बच्चे भी हैं। बताया गया कि वह महिला अक्सर कौशिक से महंगे उपहार मांगती थी, जिससे युवक पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा था। कौशिक एक दुकान में मामूली काम करता था और उसे बार-बार अपनी मां और बहन से पैसे मांगने पड़ते थे। जब उसकी प्रेमिका की मांगें पूरी नहीं हो पातीं, तो वह कथित तौर पर उसे ब्लैकमेल करती थी। इसी मानसिक दबाव में आकर कौशिक ने कथित रूप से वीडियो कॉल के दौरान आत्महत्या कर ली। मृतक की बहन ने प्रेमिका के खिलाफ खड़गपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बालुरघाट में लॉज की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, दो गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के बालुरघाट शहर के वार्ड 11 में स्थित एक निजी लॉज में पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर बालुरघाट थाना पुलिस ने छापा मारकर एक युवक-युवती को रंगे हाथों पकड़ा और लॉज मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों ने लॉज में तोड़फोड़ कर ताला जड़ दिया। आरोप है कि यहां लंबे समय से इस अवैध धंधे का संचालन हो रहा था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस रैकेट में लॉज मालिक या अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

# बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी की नाकाम, 1.6 करोड़ का सोना बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी का बड़ा प्रयास नाकाम करते हुए बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर की सतर्क टीम ने 22 अक्टूबर को उत्तर 24 परगना जिले के हाकींपुर क्षेत्र के दहारकांडा गांव में सोने की तस्करी रोक दी। बीएसएफ इंटेलिजेंस टीम की विश्वसनीय जानकारी के आधार पर चलाए गए इस विशेष अभियान में जवानों ने लगभग 12 साल के भारतीय किशोर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 11 सोने की बिस्कुट बरामद की। बरामद सोने का कुल वजन 1286.17 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 1,64,75,838/- है। सोने और आरोपी को डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के हवाले कर दिया गया है, ताकि कानूनी कार्रवाई और आगे की जांच हो सके। बीएसएफ की इस सफलता ने जवानों की सतर्कता, पेशेवर दक्षता और प्रतिबद्धता को उजागर किया, जो सीमा पार तस्करी रोकने और अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा बनाए रखने में लगातार जुटे हैं। महेश कुमार अग्रवाल, आईपीएस, विशेष महानिदेशक, बीएसएफ (ईस्टर्न कमांड) ने जवानों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना की। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने लगभग 31.8 किग्रा सोना, जिसकी कीमत 39 करोड़ से अधिक है, बरामद किया है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ऐसे अभियान लगातार तेज और समर्पण के साथ जारी रखेगा, विशेष रूप से सोना, नशीले पदार्थ और अन्य तस्करी सामानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ताकि देश की आर्थिक और सीमाई सुरक्षा मजबूत बनी रहे।

# भारत क्षत्रिय समाज ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री सह साड़ी का किया वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत क्षत्रिय समाज द्वारा बुधवार को समाज के युवा साथी हरिमोहन सिंह द्वारा रविन्द्रनगर डी ब्लॉक, श्री महाकालेश्वर मंदिर, वार्ड नंबर 7, आंकड़ा फाटक अंचल में छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री सह साड़ी वितरण सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच किया गया, उक्त अवसर पर सत्येंद्र सिंह (पार्षद), हर साल के भांति इस बार भी समारोह के दौरान श्रद्धालुओं के सेवा में समाज के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारीयों में पूर्णरुपेण सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम के लिए भारत क्षत्रिय समाज के संरक्षक राजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम को अमली जामा पहनाने का श्रेय हरिमोहन सिंह एवं रविन्द्रनगर वासियों को दिया। संयोजक मनोज सिंह, सचिव दीपक सिंह एवं युवा अध्यक्ष संतोष सिंह ने दृढ़ संकल्पित सदस्यों को धन्यवाद दिया।

ट्रस्ट चेयरमैन राजगृही सिंह एवं महासचिव कपिल देव सिंह ने कहा कि हर बार की भांति समाज सेवा के कार्यक्रम में समाज अग्रणी व संकल्पित रहा, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह व युवा संयोजक सुनील सिंह ने छठ पूजा की उपयोगिता व आवश्यकता पर विस्तृत विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी नारायण सिंह, संजीत सिंह, अमरेंद्र सिंह, संजय सिंह, राधे श्याम सिंह, विकास सिंह, धनराज सिंह, सिशवन सिंह, शशि रंजन सिंह, जयप्रकाश सिंह, आजमगढ़ सेवा संघ से रामानुज सिंह, अनिल सिंह,केशो राम कॉटन मिल से संजय सिन्हा (सीईओ), सियाराम सिंह संजीत सिंह, रंजीत सिंह, मनीष यादव, बृजेश सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, शयामु राव, दीपक श्रीवास्तव और विभिन्न क्षत्रिय संगठनों से अन्य शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरिमोहन सिंह ने समस्त आंकड़ा फाटक वासियों और समर्पित कार्यकर्ताओं संतोष सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, बृजमोहन सिंह, अमित तिवारी राजा तिवारी, संजय शुक्ला, राम नवल दुबे, विक्रम शुक्ला, अजय पाठक, राजा दास, श्री गुप्ता, जयदीप गुप्ता, विश्वजीत गुप्ता, तपन महतो, रुद्र प्रताप सिंह, शालिनी सिंह, भूमि सिंह, वैष्णवी सिंह, पीहू सिंह, आयुष सिंह, दिव्यांशु सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, पार्थ सिंह, जयप्रकाश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में और भी सफल कार्यक्रम करने का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने बाबूघाट के 27 तारीख से अनवरत 28 तारीख तक चलने वाले सेवा शिविर हेतु सभी को आमंत्रित किया।

# सोनारपुर में काली पूजा के दौरान माइक बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

❑ **दो लोगों को लिया गया हिरासत में, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा के मौके पर तेज आवाज में माइक बजाने से मना करने पर दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर के कुस्तिया में एक युवक की चाकू से हत्या कर दी गई। मृतक का नाम सनातन नस्कर (35) है। इस मामले में पड़ोसी दंपती पर हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में




ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना सोनारपुर थाना क्षेत्र के इलाके की है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलाके में एक काली पूजा पंडाल में सनातन नस्कर अपने निजी साउंड बॉक्स से संगीत बजा रहे थे। पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के हृदय रोगी होने के कारण सनातन को रात में आवाज कम करने का अनुरोध किया गया। इसके बाद, उन्होंने साउंड सिस्टम बंद कर दिया और घर लौट आए। इसी दौरान, पड़ोसी पिंटू साहा और उसकी पत्नी सनातन के घर पहुंचकर पंडाल में फिर से बॉक्स बजाने का दबाव डालने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि पिंटू और उसकी पत्नी ने पहले सनातन की मां और भाई के साथ मारपीट की, और जब सनातन ने विरोध किया, तो पिंटू ने धारदार चाकू से उस पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सनातन को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित दंपती फरार होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़कर सोनारपुर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस वारदात में पिंटू के दो और रिश्तेदारों की भी संलिप्तता हो सकती है। पुलिस ने देर रात घटनास्थल का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम ने सबूत इकट्ठा किए। फिलहाल, दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# राजनैतिक तनातनी के बीच मैदान में मिली मतदाता सूची

**हुगली, समाज्ञा**

पूरे राज्य में एसआईआर को लेकर राजनीतिक तनातनी का माहौल बना हुआ है। इसी बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। गंगा किनारे वोटर लिस्टों के बंडल बिखरे पड़े मिले हैं। जानकारी के अनुसार हुगली के चुचुड़ा स्थित रूपनगर मैदान में गंगा तट के पास एक सुनसान जगह पर कई वोटर लिस्ट पड़ी मिलीं। यह खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि यह जगह हुगली के जिला शासक (डीएम) कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन वोटर सूचियों को वहां किसने और क्यों फेंका। दरअसल साल 2026 में राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच आयोग द्वारा बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि वैध मतदाताओं के नाम हटाने की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वहीं, बीजेपी का कहना है कि एसआईआर में फर्जी, मृत और अवैध मतदाताओं के नाम हटेंगे, इसी वजह से तृणमूल घबराई हुई है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईआर मैपिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 2002 की मतदाता सूची की तुलना नवीनतम मतदाता सूची से की जा रही है। इस काम में बीएलओ भी सक्रिय हो गए हैं।

बीजेपी के दिलीप सिंह ने कहा, वोटर लिस्ट की जांच की जानी चाहिए। एसआईआर के माहौल में वोटर लिस्ट फेंके जाने की घटना की जांच प्रशासन को करनी चाहिए। रूपनगर मैदान में घूमने आए लोगों ने भी यही सवाल उठाया कि आखिर कौन इतनी सारी वोटर सूचियां गंगा किनारे फेंक गया? उन्होंने भी मांग की है कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच करे।

## दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन पर महिला से छेड़छाड़, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन पर एक महिला से छेड़छाड़ मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि गत मंगलवार की शाम, महिला जब दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित गली से गुजर रही थी, तभी आरोपित ने उसका रास्ता रोक लिया और छेड़छाड़ की। पीड़िता ने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम दक्षिणेश्वर क्षेत्र से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ जारी है और उसे जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा।

## भवानीपुर में देर रात पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर बुज़ुर्ग महिला की पिटाई का आरोप

❑ **पांच लोगों के खिलाफ खिलाफ शिकायत दर्ज**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बुज़ुर्ग महिला ने गुरुवार को पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि देर रात पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर उन्होंने उसकी पिटाई की। यह घटना मंगलवार के तड़के दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में हुई। बुज़ुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि वह उसी दिन पुलिस के पास गई थी, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह काली पूजा की रात थी और उस रात पटाखे फोड़ना आम बात है। हालांकि, महिला गुरुवार को एक वकील के साथ शिकायत दर्ज कराने फिर से थाने गई। इस बार, पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हालांकि, इस घटना के सिलसिले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पता चला है कि 4बी आशुतोष मुखर्जी रोड निवासी अनुपमा चौधरी ने आरोप लगाया है कि पड़ोस के कुछ युवक काली पूजा के दिन रात लगभग 1.30 बजे पटाखे फोड़ रहे थे, जो पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित समय से ज़्यादा था। बुज़ुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि वह इतनी तेज आवाज़ में पटाखे फोड़ने का विरोध करने गई थी। उसने आरोप लगाया कि पटाखों से उसके घर में मामूली आग लग गई थी। हालांकि, लड़कों ने पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर महिला और उसके भाई की पिटाई कर दी। उन्हें लगता है कि उस पर फिर से हमला हो सकता है। साथ ही, उसने पुलिस पर सहयोग न करने का आरोप भी लगाया। हालांकि, पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## बंगाल में धूमधाम से मना 'भाई फोंटा', बहनों ने भाईयों के लिए मांगी दीर्घायु की कामना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बहनों द्वारा अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना किए जाने के साथ ही 'भाई फोंटा' पर्व मनाया गया। यह त्यौहार काली पूजा और दिवाली के उत्सव के समापन का प्रतीक है। राज्य भर के बाजारों में रौनक रही और यहां मांस-मछली समेत चिकन की दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। वहीं, लोग अपने रिश्तेदारों के लिए दावत की तैयारी कर रहे थे। इस अवसर पर विशेष मिठाइयां खरीदने के लिए मिठाई की दुकानों में भी भारी भीड़ रहीं।

हालांकि, इस पर्व के दौरान ग्राहकों ने वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की सूचना दी। राज्य के वरिष्ठ मंत्री, सांसद और फिल्मी सितारों ने भी अनुष्ठान में भाग लिया। बहनों ने भाइयों की लंबी



महानगर में वंचित बच्चों ने मनाया भाई फोंटा

उम्र की कामना करते हुए पारंपरिक मंत्र का जाप किया और चंदन तथा चावल दानों से बना 'फोंटा' या टीका लगाया। इनमें से कई बहनों ने ये अनुष्ठान पूरा होने तक उपवास रखा।

## हावड़ा में जलजमाव से निपटने के लिए बड़ा कदम
## नजरगंज में 100 करोड़ की नई पंपिंग स्टेशन परियोजना शुरू

**हावड़ा :** हावड़ा प्रशासन ने शहर की लंबे समय से चली आ रही जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। नजरगंज में एक आधुनिक सेंट्रल पंपिंग स्टेशन बनाया जा रहा है, जिसके लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना के पूरी तरह चालू हो जाने के बाद करीब 50 वार्डों में ड्रेनेज और जलनिकासी की व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

बरसात के दौरान हावड़ा के कई इलाकों में पानी भर जाने की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से इस परियोजना को शुरू किया गया है। लक्ष्य रखा गया है कि आने वाले मानसून सीजन से पहले पंपिंग स्टेशन पूरी तरह से चालू हो जाए। प्रशासन का अनुमान है कि इससे न



केवल जलजमाव की समस्या घटेगी बल्कि ट्रैफिक जाम में भी राहत मिलेगी।

सूत्रों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया और वर्क प्लान की समयसीमा लगभग अंतिम चरण में है। साथ ही, ड्रेनेज कनेक्टिविटी सुधारने और स्थानीय अतिक्रमण हटाने के काम भी शुरू हो चुके हैं। यह नया सेंट्रल पंपिंग स्टेशन कई छोटे पंपिंग स्टेशनों के नोड की तरह कार्य करेगा, जिससे पूरे जलनिकासी तंत्र को अधिक तेज़ और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

## गुजराती नववर्ष पर नवलखा जैन मंदिर में भव्य महामांगलिक का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुजराती नववर्ष के शुभ अवसर पर 22 अक्टूबर को कोलकाता स्थित पोल-ोक स्ट्रीट के नवलखा जैन मंदिर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 5:30 बजे परम पूज्य गुरुदेव डॉ. आदर्शचंद्र महाराज साहेब के सानिध्य में भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं नए साल का बड़ा महामांगलिक संपन्न हुआ। उप-स्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया और मंगलकामनाएं कीं।

कार्यक्रम के दौरान नवलखा जैन मंदिर के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी ने नए साल का संदेश दिया और समाज में शांति, सद्भावना एवं सेवा की भावना को बढ़ाने का आह्वान किया। इसके उपरांत पोलोक स्ट्रीट में आयोजित काली पूजा के महाभोग



का शुभारंभ गुरुदेव डॉ. आदर्शचंद्र महाराज के नवकार महामंत्र और आशीर्वाद के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवलखा मंदिर के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी, अतुल कटारिया, वार्ड 45 के पार्षद संतोष कुमार पाठक, भोलाभाई, रोहित सिंह, विकी वर्मा, गोली वर्मा, ददन सिंह, पवन पांडे, सुनील चौबे, परेश दफतरी, संतोष सिंह, हरिसिंह, दिलेश भिमाणी, दीपक गाठाणी, दिलेश पटेल, मयूर शेठ, परिमल अजमेरा, हेमल दफतरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताया गया कि इस महामांगलिक और महाभोग कार्यक्रम में लगभग 10,000 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

## श्यामनगर में रेलवे के परित्यक्त गोदाम में लगी आग, एक व्यक्ति गिरफ्तार

❑ **आरोपी पर गोदाम पर कब्जा कर जूट और कागज जैसी ज्व-लनशील सामग्री के भंडारण का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के नोआपाड़ा थाना अंतर्गत श्यामनगर में एक परित्यक्त रेलवे गोदाम पर कब्जा कर जूट और कागज जैसी ज्व-लनशील सामग्री का भंडारण करने का आरोप है। गुरुवार की दोपहर गोदाम में भीषण आग लग गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। दो दमकल गाड़ियों की मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। शेख सिराजुल नाम के शख्स को पुलिस ने जबरन घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पता चला है कि श्यामनगर में रत्नेश्वर घाट के पास स्थित एक परित्यक्त रेलवे गोदाम है। आरोप है कि शेख सिराजुल नाम का एक स्थानीय व्यक्ति वहां जूट और कागज का भंडारण करता था। इस दिन, दोपहर में गोदाम में भीषण आग लग गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस और दमकल की दो ईंजन मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

इस दौरान, मौके पर पहुंचे स्थानीय पार्षद की शेख सिराजुल से बहस हो गई। सिराजुल ने बिना इजाजत के खाली पड़े रेलवे के गोदाम में सामान लोड करने की बात स्वीकार की। इस घटना को लेकर इलाके में काफी तनाव है। सिराजुल फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में है।

## मंत्र अनुष्ठान से सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण संभव : मुनि जिनेश कुमारजी

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में मंत्रोत्सव-द्वितीय चरण का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार में आयोजित किया गया। मंत्र जप अनुष्ठान के इस अद्भुत कार्यक्रम में स्वस्तिक आकार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपत्नीक जप किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमारजी ने कहा- जैन धर्म में आठ मंगल बताए गये हैं- स्वस्तिक, श्रीवत्स, नन्द्यावर्त, वर्धमानक, भद्रासन, कलश, मत्स्य, दर्पण। स्व-स्तिक का अर्थ है-अच्छा या मंगल। तीर्थंकरों की वाणी सदा मंगलमय होती है इसलिए स्वस्तिक को मंगल का प्रतीक माना जाता है। तीर्थकर अनंत



ज्ञान के स्वरूप होते हैं तथा चारों गतियों से मुक्त होने का मार्ग दिखलाते हैं। चौबीस तीर्थंकरों का क्रम और काल का चक्र हमेशा चलायमान रहता है इसीलिए जैनधर्म में स्वस्तिक को चारों गति व अनंतकाल का प्रतीक माना जाता है। स्वस्तिक को ऋगवेद की ऋचा में सूर्य माना गया है। स्व-स्तिक में चार बिंदियां ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप का प्रतीक होती है। स्वस्तिक से चार शिक्षाएँ ग्रहण कर सकते हैं- समय कीमती है, ज्ञान ऊर्जावान है, सत्यनिष्ठ बनो, चरित्रवान रहो। मुनिश्री ने आगे कहा- मंत्र अनुष्ठान से ऊर्जा का निर्माण होता है। सपत्नीक स्वस्तिक आकार में तन्मयता पूर्वक जप करना अपने आप में विशिष्ट है। नमस्कार महामंत्र, भक्तामर आदि आध्यायिक मंत्रों से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि कुणाल कुमार जी के मंगलाचरण से हुआ। आभार ज्ञापन सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी ने किया। साल्टलेक सभा के अध्यक्ष जयसिंह डागा ने मुनिश्री को अपने क्षेत्र में पदार्पण हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्त्ताओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जप में कुल 120 जोड़े व लगभग 450 श्रद्धालुगण सहभागी बने।

## भाई दूज की सुबह दो भाइयों में झगड़ा, किशोर ने टॉवर से कूदकर दी जान

**मुर्शिदाबाद :** जिले के जीवंती गांव में भाई दूज की सुबह एक मामूली कपड़े को लेकर दो भाइयों में हुए झगड़े के बाद 15 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अपूर्व हाजरा है। मिली जानकारी के अनुसार, अपूर्व अपने माता-पिता और बड़े भाई के साथ जीवंती गांव में रहता था। बहन न होने के कारण हर साल पड़ोस की लड़कियां दोनों भाइयों को तिलक लगाती हैं। इस बार भी उसी की तैयारी चल रही थी, तभी कपड़े को लेकर भाइयों में झगड़ा हो गया। गुस्से में अपूर्व घर से निकल गया और करीब 500 मीटर दूर स्थित एक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। वहां से उसने अपनी मां को फोन कर बुलाया। जब मां मौके पर पहुंचीं, तो अपूर्व ने उनकी आंखों के सामने ही टॉवर से छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## दस बहनों ने मंत्री भाई को तिलक लगाकर मनाया भाईदूज का त्योहार



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य के साथ-साथ हुगली जिले में भी भाई दूज का त्योहार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर स्नेह और रक्षा का वचन निभाया। सिंगूर में मंत्री बेचाराम मन्ना के आवास पर भी भाई दूज का उत्सव पूरे पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। मंत्री की दस बहनों ने उन्हें तिलक लगाकर दीर्घायु की प्रार्थना की। मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि भाई दूज एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। पश्चिम बंगाल में इसे 'भाई फोटा' कहा जाता है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। हम इसे रक्षाबंधन की तरह ही भाई-बहन के बंधन को मजबूत करने वाले त्योहार के रूप में मनाते हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व दिवाली के दो दिन बाद, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना करती हैं और भाई भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं।

## महिला डॉक्टर से मारपीट और धमकी के विरोध में उलुबेरिया अस्पताल के डॉक्टरों की प्रतीकात्मक हड़ताल

❑ **मरीजों को परेशानी की आशंका**

**हावड़ा :** उलुबेरिया के शरतचंद्र चट्टोपाध्याय गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला डॉक्टर के साथ मारपीट और रेप की धमकी देने की घटना के विरोध में शुक्रवार को डॉक्टरों ने पांच घंटे की प्रतीकात्मक हड़ताल का आह्वान किया। रेज़िडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के आह्वान पर यह हड़ताल सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली। डॉक्टरों ने निर्णय लिया कि इस अवधि में इमरजेंसी विभाग सहित सभी विभागों में कामकाज बंद रहेगा। इस कारण से मरीजों और उनके परिजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

वर्तमान में इस अस्पताल में 70 से 80 जूनियर और सीनियर रेज़िडेंट डॉक्टर कार्यरत हैं। डॉक्टरों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर यह हड़ताल की है। उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं - अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ाना, आरोपित अस्थायी होमगार्ड को बर्खास्त करना, अस्पताल पुलिस चौकी में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना, वार्ड में पैनिक बटन लगाना, लिफ्ट का प्रवेश नियंत्रित करना, हर मरीज के साथ केवल एक परिजन को अनुमति देना और अस्पताल कर्मचारियों के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करना।

हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसी को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी किया गया है और तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। घटना के दिन ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई है कि घटना के समय वे अपने स्थान पर क्यों नहीं थे।

अस्पताल के कार्यवाहक मेडिकल सुपर और वाइस प्रिंसिपल सुभीर मजूमदार ने बताया कि वे पुलिस की जांच से संतुष्ट हैं और भविष्य में सुरक्षा को लेकर और सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच, पुलिस ने मुख्य तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अस्थायी होमगार्ड शेख बाबूलाल को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि वे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस घटना में और कौन शामिल था।

## दीपावली पर पुअर ह्यूमन ट्रस्ट ने ज़रूरतमंदों के बीच बांटे वस्त्र
### मंत्री मनोज तिवारी ने की सराहना




**कोलकाता :** दीपावली के शुभ अवसर पर पुअर ह्यूमन ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 लोगों को जैकेट, साल और सलवार सूट वितरित किए गए।कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को अपने हाथों से कपड़े वितरित किए और ट्रस्ट को 25,000 का सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने इस धनराशि से मिठाई और आवश्यक सामग्रियां लोगों में वितरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर पुअर ह्यूमन ट्रस्ट के सदस्य और राणा प्रताप क्लब के कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## उत्पीड़न से तंग आकर युवती ने गंगा में लगाई छलांग, दो दिन बाद मिला शव

❑ **आभूषण दुकान की मालिक की पत्नी हिरासत में**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंदननगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दो दिन पहले लापता हुई युवती मनामी घोष (25) का शव गुरुवार की सुबह श्रीरामपुर के गंगा घाट से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, मनामी घोष चंदननगर के बउबाजार इलाके की निवासी थीं और बागबाजार स्थित एक सोने की दुकान में काम करती थीं। परिवार का आरोप है कि कार्यस्थल पर लगातार उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना झेलने के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे मनामी को चंदननगर बस स्टैंड के पास बैठे देखा गया था। कुछ देर बाद उन्होंने एक चिट्ठी लिखी, उसे अपने मोबाइल के नीचे दबाया और फिर गंगा नदी में छलांग लगा दी। उसे तैरना नहीं आता था, जिससे वे तुरंत डूब गईं। खबर मिलते ही आपदा प्रबंधन दल को बुलाया गया और डुबकी गोताखोरों व स्पीड बोट की मदद से दो दिनों तक खोज अभियान चलाया गया। अंततः गुरुवार की सुबह श्रीरामपुर के घाट से शव बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए वॉल्स अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। जिस दुकान में मनामी काम करती थीं, उसके मालिक की पत्नी ममता दास को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने छठ पर्व के लिए की गई तैयारियों की जानकारी साझा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने गुरुवार को सियालदह स्टेशन पर मीडिया को संबोधित करते हुए काली पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षित, सहज और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा की गई व्यापक तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री देउसकर ने सियालदह-गोरखपुर स्पेशल (03131) तथा सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस (13185) के यात्रियों से बातचीत की और यात्रा व्यवस्था का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व रेलवे ने अनेक विशेष ट्रेनों का संचालन और प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण किया है ताकि भीड़भाड़ के बीच यात्रियों को



सुगमता से यात्रा करने में सहायता मिल सके।

उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे की ओर से हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल, मालदह और भागलपुर से विभिन्न दिशाओं में कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ ही, छठ पर्व को देखते हुए अतिरिक्त रेक तैयार रखे गए हैं, जिन्हें आवश्यकता अनुसार तत्काल विशेष ट्रेनों के रूप में चलाया जाएगा ताकि यात्रियों को अपने गृह नगरों तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो।

❑ **छठ पर्व के लिए पूर्व रेलवे की व्यापक तैयारियां**

छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। इस दौरान कुल 1,328 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें पूर्व रेलवे की 331 ट्रिप्स, अन्य रेलवे की 665 ट्रिप्स (जो पूर्व रेलवे के स्टेशनों से प्रारंभ या समाप्त होती हैं) और 332 पारगमन ट्रिप्स शामिल हैं।

पूर्व रेलवे की प्रमुख फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों में हावड़ा-रक्सौल (03043/03044), सियालदह-पटना (03135/03136), कोलकाता-मधुबनी (03187/03188), सियालदह-गोरखपुर (03131/03132), आसनसोल-गोरखपुर (03027/03028), मालदह टाउन-आनंद विहार टर्मिनल (03435/03436), कोलकाता-लखनऊ (03107/03108), हावड़ा-खातिपुरा (03007/03008), मालदह टाउन-उधना (03417/03418), वर्दवान-भागलपुर (03003/03004), साहिबगंज-भागलपुर (03405/03406), भागलपुर-बांका (03407/03408) और आसनसोल-पटना (03511/03512) स्पेशल ट्रेनों का संचालन शामिल है।

भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया भी बनाए गए हैं। हावड़ा स्टेशन पर दो क्षेत्रों में कुल 558 वर्ग मीटर, सियालदह स्टेशन पर 200 वर्ग मीटर, आसनसोल स्टेशन पर 210 वर्ग मीटर, जसीडीह स्टेशन पर दो क्षेत्रों में कुल 595 वर्ग मीटर और भागलपुर स्टेशन पर दो क्षेत्रों में कुल 509 वर्ग मीटर का क्षेत्र यात्रियों की प्रतीक्षा एवं सुविधा के लिए तैयार किया गया है।

## गायघाटा में युवती से छेड़छाड़ व भाई पर हमला मामले में चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के गायघाटा थाना इलाके में काली पूजा की रात ठाकुर देखकर घर लौट रही बहन को अभद्रता से बचाने के दौरान डॉक्टर भाई पर हमला किया गया। इस मामले में पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम बबन रॉय (19), जयंत दत्ता (22), आकाश दास (19) और अरिंदम रॉय हैं। ये सभी गायघाटा के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत मंगलवार की रात युवती ठाकुर देखकर अपनी सहेली के साथ घर लौट रही थी। आरोप है कि घर के पास कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उन्हें ताने मारे गए। जब युवती ने घटना का विरोध किया, तो युवकों ने युवती के साथ मौजूद दोस्त की भी पिटाई की गई। इसके बाद, युवती ने अपने भाई, मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन साहा को फोन करके मामले की जानकारी दी।

# महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री और सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया



## तेजस्वी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने से भी जनता 'इंडिया' गठबंधन की ओर नहीं झुकेगी: प्रशांत

**सिवान:** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से बिहार की जनता का रुझान विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में नहीं बदलेगा। किशोर ने यहां अपनी पार्टी के लिए प्रचार के दौरान संवाददाताओं से कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा अनुबंधित कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और मानदेय बढ़ाने जैसे किये गये वादे 'खोखले' हैं। उन्होंने कहा, 'यह तो पहले से ही सबको मालूम था कि अगर (राजद अध्यक्ष) लालू जी का जंगलराज बिहार में लौटेगा तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। इसलिए इस घोषणा में कोई बड़ी बात नहीं है।'

**पटना:** महागठबंधन ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। राजधानी पटना के होटल मौर्या में आयोजित महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा की। गहलोत ने यह भी कहा, यदि महागठबंधन की सरकार बनी, तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि सहनी के अलावा समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर उसमें कितने उप मुख्यमंत्री होंगे। समर्थकों के बीच 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से मशहूर सहनी निषाद जाति से आते हैं। निषाद बिहार में अति पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आते हैं। गहलोत ने राजद नेता तेजस्वी की तारीफ करते हुए कहा, तेजस्वी एक नौजवान हैं, जिनका लंबा भविष्य है। जनता हमेशा उन्हीं के साथ रहती है जिनमें प्रतिबद्धता और ईमानदारी होती है। पिछली बार इन्होंने जो रोजगार के वादे किए थे, उन्हें निभाने की दिशा में काम किया। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के हालात गंभीर हैं और लोग चिंतित हैं कि देश किस दिशा में जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति को लेकर हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह तय करे कि देश आगे किस राह पर बढ़ेगा। उन्होंने कहा, बिहार के चुनाव पर पूरे देश की नजर है। बेरोजगारी हो या अन्य मुद्दे, छात्र, युवा और किसान सभी चिंतित हैं। लोग बदलाव चाहते हैं। गहलोत का कहना था, हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती है। लोकतंत्र का मुखौटा रह गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिलीं, लेकिन तेजस्वी यादव ने उस वक्त भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी और इन्होंने (तेजस्वी) ने मिलकर जो यात्रा (वोटर अधिकार यात्रा) की थी उसका बहुत असर हुआ है।

## यह नीतीश कुमार का आखिरी चुनाव, सबको साथ लेकर बनाऊंगा 'नया बिहार': तेजस्वी

बिहार में महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौका मिलने पर वह सभी वर्गों को साथ लेकर 'नया बिहार' बनाएंगे तथा अगर 'तेजस्वी की परछाई' भी गलत काम करेगी, तो उसे सजा मिलेगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने यह फैसला कर लिया है कि अब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे तथा यह उनका आखिरी चुनाव होगा। महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, 'यह हमारे लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं था, लेकिन चूंकि मीडिया में कई तरह की अटकलें चल रही थीं, इसलिए हमने इसे स्पष्ट करना जरूरी समझा।' उन्होंने कहा, 'महागठबंधन ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं सभी दलों का आभारी हूं। यह भरोसा बिहार की जनता का भी है। अब हमारा एक ही लक्ष्य है :20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना।' तेजस्वी यादव ने दावा किया, 'भाजपा नीतीश जी के साथ अन्याय कर रही है। अमित शाह कई बार कह चुके हैं कि नीतीश जी मुख्यमंत्री नहीं होंगे। अगर भाजपा में इतना आत्मविश्वास है तो वह अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम क्यों नहीं बताती? नीतीश जी की खराब सेहत का फायदा उठाकर उनके अपने ही लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं।'

## झारखंड सशस्त्र पुलिस का जवान फंदे से लटका मिला

**रांची:** झारखंड सशस्त्र पुलिस (जेएपी-2) का एक जवान बृहस्पतिवार को रांची में अपने कमरे में पंखे से लटका पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जवान की पहचान झारखंड के बोकारो जिले के निवासी शिव पूजन राजवार (47) के रूप में हुई है। रांची के पुलिस अधीक्षक (सिटी) पारस राणा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जीएपी-2 का जवान अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हालांकि, हमें उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।'' उन्होंने बताया कि राजवार हाल ही में छुट्टी से लौटे थे। राणा ने बताया कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद होने का संदेह है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## राजस्थान: पिता की अंत्येष्टि के खर्च को लेकर विवाद में बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या

**जयपुर:** राजस्थान के बाड़मेर जिले में युवक ने अपने पिता के क्रिया कर्म के खर्च को लेकर हुए विवाद के बाद अपने बड़े भाई की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बीजराड़ के थानाधिकारी मगाराम ने बताया कि यह घटना बुधवार देर रात नवातला गांव में हुई जब गणेशा राम (35) और उसके छोटे भाई किशना राम (30) के बीच अपने पिता के अंतिम संस्कार पर खर्च हुए पैसों को लेकर तीखी बहस हुई। बहस बढ़ने पर किशना राम ने अपने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला किया। उसने भाई के सिर के पिछले हिस्से पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक टीमों को मौके पर बुलाया गया है।

## पुलिस हिरासत में युवक ने खुदकुशी का प्रयास किया, प्रभारी निरीक्षक निलंबित

**प्रतापगढ़ (उप्र):** (भाषा) प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर मानिकपुर थाने में मोटरसाइकिल की चोरी के आरोप में पांच दिन से हवालात में बंद युवक ने बुधवार रात कथित रूप से ब्लेड से गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस युवक को इलाज के लिए एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए थाने के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय ने बताया कि पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में शिवम सिंह (22) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था और वह मानिकपुर थाने की हवालात में था। उन्होंने बताया कि बीती रात शिवम ने ब्लेड से अपना गला काट लिया और उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया।

## पटना जाने वाले स्पाइसजेट विमान में तकनीकी खराबी, दिल्ली लौटा

**नयी दिल्ली:** तकनीकी खराबी के कारण पटना जाने वाला स्पाइसजेट का एक विमान बृहस्पतिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान ने सामान्य लैंडिंग की और यात्रियों को सामान्य रूप से उतार लिया गया। विमान में सवार यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

## 'वैक्स म्यूजियम' में ब्रिगेडियर भवानी सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**जयपुर:** नाहरगढ़ स्थित जयपुर 'वैक्स म्यूजियम' में महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की प्रतिमा का अनावरण बृहस्पतिवार को उनकी जयंती पर किया गया। उनकी बेटी एवं राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इसे भावुक करने वाला और गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि जयपुर के पूर्व राजघराने के सदस्य ब्रिगेडियर भवानी सिंह वीरता, अनुशासन और करुणा के प्रतीक थे जिनका जीवन पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस कार्यक्रम में 1971 के भारत-पाक युद्ध के इन नायक के जीवन और उनकी सैन्य सेवाओं पर विशेष वृत्तचित्र भी दिखाया गया।

## झारखंड में दुरंतो एक्सप्रेस पर पत्थर फेंका गया, कोई घायल नहीं

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मुंबई-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस के एक डिब्बे पर पत्थर फेंकने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आरपीएफ मनोहरपुर के प्रभारी अधिकारी जेएन मिश्रा ने बताया कि बुधवार शाम मनोहरपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के ए-4 (एसी 2-टियर) कोच पर पत्थर फेंके जाने के बाद घटना की शिकायत दर्ज कराई गई। मिश्रा के मुताबिक, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (मुंबई) से हावड़ा (कोलकाता) जाने वाली दुरंतो एक्सप्रेस आमतौर पर मनोहरपुर स्टेशन पर नहीं रुकती। लेकिन लाल बत्ती होने के कारण यह स्टेशन के पास रुक गई। जब ट्रेन चलने लगी तो किसी ने ए-4 कोच पर पत्थर फेंका। रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हम आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। चक्रधरपुर डिवीजन के वरिष्ठ डिवीजनल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य कुमार चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पत्थर फेंके जाने के कारण केवल एक खिड़की के शीशे में दरारें आईं। आरपीएफ ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिहार चुनाव में राजग के 'विकास' और महागठबंधन के 'विनाश' के बीच मुकाबला : नड्डा

**औरंगाबाद (बिहार):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास और 'इंडिया' गठबंधन के 'विनाश' के बीच की लड़ाई है। औरंगाबाद जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उसे ऐसी ''परजीवी पार्टी'' बताया, जो अपने छोटे सहयोगी दलों को समाप्त कर देती है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी ''रंगदारी, जंगलराज और दबंगई'' की प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने महागठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर सवाल



उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ़ है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, 'वह दौर अराजकता, जंगलराज और विकास की राह में रुकावटों का दौर था, जिसने बिहार को दशकों पीछे धकेल दिया। आज ये दल फिर से सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता अब और भ्रमित होने वाली नहीं है। महागठबंधन सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए बनाया गया एक अपवित्र गठबंधन है, जो राज्य के लिए केवल विनाश लाएगा।'' नड्डा ने तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की ऐसी घोषणाएं ''भूमि के बदले नौकरी'' घोटाले की याद दिलाती हैं। उन्होंने राजद के इस चुनावी वादे की आलोचना की कि बिहार के हर परिवार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। नड्डा ने सवाल उठाया कि इसके लिए धन कहां से आएगा और वेतन कैसे दिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने राजद द्वारा बाहबुली रहे दिवंगत नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब को टिकट देने पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## लालू ने सहयोगी दलों पर दबाव डालकर बेटे को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनवाया: सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने दबाव डालकर अपने बेटे तेजस्वी यादव को महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करवाया। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चौधरी ने कहा कि आज लोकतंत्र और बिहार को शर्मसार करने वाला दिन है। उन्होंने आरोप लगाया, लालू यादव ने जैसे 15 साल तक बिहार में राज किया, वैसे ही अब अपने गठबंधन में गुंडागर्दी कर सभी सहयोगी दलों पर दबाव बनाकर अपने बेटे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कराया है। चौधरी ने कहा कि लालू यादव के शासनकाल में बिहार को लूट, हत्या और भ्रष्टाचार का इनाम मिला और अब पंजीकृत अपराधी का बेटा मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहा है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और



महागठबंधन के अन्य दलों ने लालू यादव जैसे भ्रष्ट नेता के पुत्र का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, जिस व्यक्ति ने 950 करोड़ रुपये के चारा घोटाले में भ्रष्टाचार किया, उसी के बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया है। तेजस्वी यादव के चुनावी वादों को अव्यावहारिक बताते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा, वह 2.70 करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी देने की बात करते हैं। जबकि राज्य में फिलहाल करीब 22 लाख सरकारी कर्मचारी हैं, जिन पर 85 हजार करोड़ रुपये का व्यय होता है। अगर तेजस्वी यादव का वादा पूरा किया जाए, तो 12 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी, जबकि बिहार का कुल बजट सिर्फ 3.17 लाख करोड़ रुपये है। चौधरी ने तेजस्वी द्वारा जीविका दीदियों को 30 हजार रुपये मासिक वेतन देने की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा, राज्य में 1.36 करोड़ जीविका दीदी हैं। यह वादा पूरी तरह अव्यावहारिक और जनता को भ्रमित करने वाला है।

## अग्निशमन सेवाओं को अधिक सशक्त और आधुनिक बनाया जाए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जन सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवाओं को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, राहत बचाव अभियान और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अग्निशमन सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर समीक्षा की आवश्यकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्र में विशेष इकाई गठित की जाए, जो रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी हादसों तथा गगनचुंबी इमारतों जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवाओं को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित



श्रमशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। इस संबंध में जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए।

## नीतीश का तेजस्वी पर कटाक्ष: बिहार के लोग जानतें हैं कि किसने किया असली काम

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और उन पर ''खोखले वादों'' से महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। कुमार ने कहा कि बिहार के लोग जानते हैं कि उनके लिए किसने असली काम किया है। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी का नाम लिए बगैर सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट में कहा, ''बिहार की जनता ने उन्हें मौका दिया था, लेकिन उन्होंने जनता की सेवा करने के बजाय सत्ता का उपयोग अपने निजी हितों के लिए किया।'' मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी उस वक्त आई जब एक दिन पहले विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने अनुबंधित कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और जीविका स्व-सहायता समूहों से जुड़ी करीब दो लाख ''कम्युनिटी मोबिलाइज़र'' महिलाओं का मासिक मानदेय बढ़ाकर 30 हजार



रुपये करने का वादा किया था। नीतीश कुमार ने कहा, ''कुछ लोग चुनाव के ठीक पहले खुद को 'जीविका दीदियों' और बिहार की आधी आबादी का मसीहा बताने की कोशिश कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि 'जीविका दीदियों' के नाम पर वे अपने परिवार की रोजी-रोटी तलाश रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये लोग आधी आबादी के लिए चांद-तारे तोड़ लाने जैसे वादे कर रहे हैं। बिहार की जनता ने इन्हें पहले भी मौका दिया था, लेकिन तब इनका ध्यान जनता की सेवा से अधिक व्यक्तिगत लाभ पर था।'' कुमार ने आरोप लगाया कि ''उनके शासनकाल में महिलाओं का विकास उनके अपने परिवारों तक सीमित था। 'जंगलराज' के दौर में बिहार की महिलाओं ने जो पीड़ा और भय झेला, वह किसी से छिपा नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि ''बिहार अब वैसा नहीं रहा जैसा 2005 से पहले था। आज बिहार की बेटियां पढ़ रही हैं, आगे बढ़ रही हैं, रोजगार कर रही हैं और राज्य तथा देश का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्हें पता है कि उनके सशक्तिकरण के लिए किसने सच में काम किया है।'' उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी चुनाव में महिलाएं एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ खड़ी होंगी।

## बिहार में ट्रेन की चपेट में आने से महिला और बेटी सहित चार की मौत

**बेगूसराय (बिहार):** बिहार के बेगूसराय जिले में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में महिला और उसकी बेटी सहित चार लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। साहेबपुर कमाल थाना प्रभारी सिंटू कुमार ने बताया कि यह हादसा बरौनी-कटिहार रेलखंड पर हुआ। उन्होंने कहा कि सभी मृतक रहुआ गांव के निवासी थे और पास के इलाके में आयोजित मेले से लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश की। इसी दौरान अमरपाली एक्सप्रेस ट्रेन वहां से गुजर रही थी और चारों उसकी चपेट में आ गए। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रीता देवी (40), उनकी बेटी रौशनी कुमारी (14), सात वर्षीय आरोही कुमारी और उनके चाचा धर्मदेव महतो (35) के रूप में की गई है।

## न्यूज अपडेट

### तेजस्वी के वादे अव्यावहारिक, नौकरी के बहाने जमीन छीनने की साजिश: रविशंकर प्रसाद



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के चुनावी वादों को अव्यावहारिक करार दिया और दावा किया कि राजद लोगों को सरकारी नौकरी देने के बहाने उनकी जमीन छीनने की साजिश रच रहा है। उन्होंने यह टिप्पणी राजद शासनकाल के दौरान कथित 'भूमि के बदले नौकरी' घोटाले की ओर इशारा करते हुए की। भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा, तेजस्वी यादव ने राज्य के 2.6 करोड़ परिवारों में से प्रत्येक में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके लिए लगभग 12 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी, जबकि बिहार का कुल बजट करीब तीन लाख करोड़ रुपये है। ऐसे में वे यह वादा कैसे पूरा करेंगे? संविदाकर्मियों और जीविका दीदियों सहित सामुदायिक कर्मियों को नियमित करने के तेजस्वी के वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रसाद ने कहा, जीविका दीदी योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है। इस योजना से अब तक लगभग 1.21 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। अब तेजस्वी यादव उसी योजना का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### राजस्थान के पूर्व विधायक कंवल लाल मीणा जेल के स्नानगृह में फिसले, रीढ़ की हड्डी टूटी

**कोटा (राजस्थान):** सरकारी कर्मचारी पर 20 साल पहले पिस्तौल तानने के आरोप में तीन साल के कारावास की सजा काट रहे पूर्व विधायक कंवर लाल मीणा झालावाड़ कारागार के स्नानगृह में फिसल गए जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। मीणा बारां जिले की अंता सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रह चुके हैं। झालावाड़ जेल के कारापाल नंदराम ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम को हुई और कैदी को झालावाड़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डीन डॉ. संजय पोरवाल ने बताया कि मीणा को बुधवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है। झालावाड़ जेल के उपाधीक्षक निरंजन शर्मा ने व्यस्त होने का हवाला देते हुए इस मामले पर बात करने से इनकार कर दिया।

### झारखंड: बाबूलाल मरांडी ने 'पाकिस्तान से हथियारों के आयात' की उच्च स्तरीय जांच कराने का आग्रह किया

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य और देश के अन्य हिस्सों में कुख्यात अपराधियों द्वारा 'पाकिस्तान से हथियारों के आयात' की उच्च स्तरीय जांच का आदेश देने का आग्रह किया। पुलिस ने बुधवार को रांची में एक महिला समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल जब्त की गईं। मरांडी ने एक बयान में कहा, ये हथियार पंजाब के मोगा के रास्ते भारत लाए जा रहे हैं और रांची तथा देश के कई हिस्सों में व्यापारियों को धमकाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यह एक खुफिया विफलता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा ने बुधवार को बताया था कि गिरफ्तार बदमाशों ने खुलासा किया है कि हथियार और गोला-बारूद पाकिस्तान से ड्रोन के ज़रिए पंजाब के रास्ते लाए जा रहे। राणा ने कहा था, वे इन हथियारों का इस्तेमाल रांची समेत देश भर के व्यापारियों में दहशत फैलाने और उनसे जबरन वसूली करने के लिए कर रहे थे।

## पटाखे जलाने को लेकर विवाद में हुए खूनी संघर्ष : विवाहिता की मौत, मां जख्मी

**मथुरा (उप्र):** मथुरा जिले के एक गांव में बच्चों द्वारा पटाखे जलाये जाने के दौरान हुए मामूली झगड़े ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, फलस्वरूप एक महिला की मौत हो गयी एवं एक अन्य घायल हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात जैंत गांव के टीकेन्द्र सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी मनोहर समेत सात व्यक्तियों ने उनके बच्चों द्वारा पटाखे चलाने पर झगड़ा किया। उन्होंने बताया कि टीकेन्द्र के मुताबिक इसकी शिकायत करने जब उसकी पत्नी सरोज और पुत्री साधना (24) उनके घर गईं तो उन लोगों ने शिकायत सुने बिना छत से पत्थर बरसाना शुरु कर दिया। सिंह के अनुसार पथराव से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं तथा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में साधना ने दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि साधना घटना से कुछ ही समय पहले भाई-दूज का त्योहार मनाने के लिए ससुराल से मायके आई थी। उसकी मां की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।

## अपने तीन बच्चों को लेकर पानी की हौद में कूदी महिला, चारों की मौत: पुलिस

**जयपुर:** राजस्थान के बालोतरा जिले में एक महिला कथित तौर पर अपने तीन बच्चों के साथ पानी की एक हौद में कूद गयी और चारों की मौत हो गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जसोल थानाक्षेत्र के टापरा गांव की पनौतरी नाड़ी में महिला और उसके तीन बच्चों के शव बृहस्पतिवार सुबह पारिवारिक खेत के पास पानी की एक हौद (टांके) से बरामद किए गए। सिवाना के पुलिस उपाधीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ममता (32) पिछले दस दिन से अपने परिवार के साथ टापरा गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत में फसल कटाई के लिए रह रही थी। शर्मा ने कहा, ''बुधवार रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। बाद में ममता कथित तौर पर अपने तीन बच्चों – बेटे नवीन (सात), रुगाराम (चार) और मानवी (छह महीने) को लेकर पानी की टंकी में कूद गई।' पुलिस के मुताबिक आज सुबह ममता की सास ने उसे घर से गायब पाया और उसकी तलाश शुरू कर दी। सास को हौद के किनारे पर ममता की चप्पलें पड़ी दिखाई दीं। अंदर झांकने पर उन्हें पानी में शव दिखाई दिए। महिला ने तुरंत ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। जसोल थाने और नागरिक सुरक्षा इकाई की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से चारों शवों को टैंक से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस को प्रथम दृष्टया आत्महत्या का संदेह है और वह घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार ममता के पति अणदाराम पटेल की बेंगलुरु में दवा की दुकान है जो उन्होंने लगभग पांच महीने पहले शुरू की।

## राजस्थान के बांसवाड़ा में मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन लोगों की मौत, दो घायल

**जयपुर:** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में पिछली रात दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात सदर थानाक्षेत्र के भगतपुरा गांव में हुई। सदर थाना प्रभारी बुधराम बिश्नोई ने बताया कि तेज गति से चल रही मोटरसाइकिलें आपस में भिड़ गईं। उन्होंने कहा, ''तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर में मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।' पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रमेश कटारा, खोमा चरपोटा और हारून के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों घायलों को पहले एमजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्हें उदयपुर पहुंचाया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हैदराबाद में 2.7 करोड़ रुपये मूल्य का 900 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हैदराबाद :** तेलंगाना पुलिस ने 2.7 करोड़ रुपये मूल्य का 908.41 किलोग्राम गांजा बरामद करने के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया और ओडिशा के मलकानगिरि से हैदराबाद के रास्ते महाराष्ट्र तक गांजा तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस टीम ने 22 अक्टूबर को यहां बंदलागुडा में एक लॉरी को रोककर उसमें से गांजा जब्त किया तथा वाहन चालक और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व क्षेत्र) एस. चैतन्य कुमार ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने खुद को एक मुख्य तस्कर का सहयोगी बताया और उसके निर्देश पर ओडिशा के कालीमेला जाने तथा वहां से गांजा लेकर महाराष्ट्र के नासिक में प्राप्तकर्ता तक पहुंचाने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि जब्त किया गया गांजा कालीमेला के सुदूर वन्य क्षेत्रों से लाया गया था और इसे महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर सौंपा जाना था।

### असम की अदालत ने पत्नी और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मौत की सज़ा सुनाई

**बरपेटा :** असम के बरपेटा जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करने के जुर्म पर मौत की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश दीपक ठाकुरिया ने ऋषव दास को उसकी पत्नी (बिनिता) और बेटी(हिया) की कुल्हाड़ी से हत्या करने का दोषी ठहराया और बुधवार को उसे मौत की सजा सुनाई। अक्टूबर 2023 में दास ने अपनी पत्नी और बेटी पर हमला किया था। वह बरपेटा शहर के गांधीनगर इलाके में एक दुकान चलाता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि उनके बीच किसी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर दास ने कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी और बेटी पर हमला कर दिया और उन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। आठ साल पहले दास ने अपनी बहन पर भी हमला किया था और उसकी उंगलियां काट दी थीं।

### उत्तराखंड : केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी :** उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालयी धामों केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बृहस्पतिवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के धाम और ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे बंद किए गए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के बाद बाबा केदार के कपाट कार्तिक शुक्ल सप्तमी में अनुराधा नक्षत्र में सुबह साढ़े आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। ठंड के बावजूद कपाट बंद होने के मौके पर लगभग दस हजार श्रद्धालु मौजूद थे जो 'हर हर महादेव', 'जय बाबा केदार' और 'बम बम भोले' का जयघोष कर रहे थे। इस पल का साक्षी बनने के लिए श्रद्धालुओं के बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे।

### भारत और भूटान ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन की समीक्षा की

**नयी दिल्ली :** भारत और भूटान ने थिम्पू में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन और एकीकृत जांच चौकियों के लिए भविष्य की रूपरेखा जैसे मुद्दों की समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सीमा प्रबंधन और सुरक्षा पर 16-17 अक्टूबर के बीच थिम्पू में आयोजित 14वीं भारत-भूटान बैठक में भूटान की पुलिस के लिए दक्षता निर्माण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक चर्चाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा एक सुरक्षित, संरक्षित और समृद्ध सीमा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का अपना संकल्प दोहराया।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुनिया ने भारतीय नौसेना की ताकत देखी : राजनाथ



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय नौसेना की ताकत देखी, क्योंकि इसके दृढ़ रुख ने पाकिस्तान को बंदरगाह या अपने तट तक ही सीमित रहने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने नौसेना की युद्ध तत्परता की सराहना की। सिंह ने भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की क्षमता का प्रतीक है और यह दुनिया के लिए संदेश है कि वह हर चुनौती का जवाब देने के लिए हमेशा तैयार है। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 'दृढ़ रुख' बनाए रखने के लिए बल की सराहना की, जिसके कारण पाकिस्तान को बंदरगाह या तट तक सीमित रहना पड़ा था। इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय नौसेना के विमान वाहक युद्धपोत, पनडुब्बियों और विमानन परिसंपत्तियों को उत्तरी अरब सागर में तैनात किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नौसेना कराची सहित समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने के लिए पूरी तत्परता के साथ अग्रिम मोर्चे पर तैनात रही। रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारतीय नौसेना की उपस्थिति को ''मित्र राष्ट्रों के लिए सहजता'' और ''क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के लिए असहजता'' का विषय बताया। सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा, ''आईओआर समकालीन भू-राजनीति का केंद्र बन गया है। यह अब निष्क्रिय नहीं रहा। यह प्रतिस्पर्धा और सहयोग का क्षेत्र बन गया है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने अपनी बहुआयामी क्षमताओं के माध्यम से इस क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''पिछले छह महीनों में, हमारे जहाजों, पनडुब्बियों और नौसेना के विमानों को अभूतपूर्व पैमाने पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, हमारी नौसेना ने लगभग 335 व्यावसायिक जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया है, जो लगभग 12 लाख मीट्रिक टन माल के बराबर है और इसका व्यापार मूल्य 5.6 अरब अमेरिकी डॉलर है।''

## योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रित करने के लिए तीन स्तरों पर निगरानी की जा रही: रेल मंत्री वैष्णव



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि त्योहारी मौसम में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ पर मंडल, जोन और रेलवे बोर्ड स्तर पर नजर रखी जा रही है, ताकि उसे कुशलतापूर्वक और निर्बाध रूप से नियंत्रित किया जा सके। यहां रेल भवन के वॉर रूम में संवाददाताओं से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि सभी मंडल और जोन सीसीटीवी कैमरों की मदद से वास्तविक समय में स्टेशन पर यात्रियों के आगमन पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड का वॉर रूम निगरानी के तीसरे स्तर के रूप में काम करता है। वैष्णव ने कहा कि जिन प्रमुख रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की आशंका है, उन पर लगातार नजर रखी जा रही है और जब भी यात्रियों की भीड़ बढ़ती है, तो संबंधित अधिकारी तत्काल कार्रवाई करते हुए भीड़ नियंत्रण के अतिरिक्त उपाय करते हैं। वॉर रूम में लगाए गए एक बड़े मॉनिटर की ओर इशारा करते हुए वैष्णव ने कहा कि रेल भवन से सभी प्रमुख स्टेशन पर नजर रखी जा सकेगी और विशेष तथा अन्य ट्रेन के परिचालन की भी वास्तविक समय में समीक्षा की जा सकेगी। रेल मंत्री ने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थायी 'होल्डिंग क्षेत्र' त्योहारों के दौरान भीड़ को संभालने और उसका प्रबंधन करने में उपयोगी साबित हुआ है। उन्होंने कहा, 16 रेलवे जोन में 76 स्टेशन की पहचान की गई है, जहां स्थायी 'होल्डिंग क्षेत्र' या तो बनाए जा रहे हैं या आने वाले समय में बनाए जाएंगे। इनमें गयाजी, दरभंगा, कानपुर, गुवाहाटी, जयपुर, भोपाल और मैसूरु रेलवे स्टेशन शामिल हैं। विशेष ट्रेन के देरी से चलने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि पिछले 24 घंटे में केवल एक ट्रेन छह घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी सभी विशेष ट्रेन के परिचालन पर लगातार नजर रख रहे हैं।

## पंजाब के निलंबित डीआईजी के आवास पर छापेमारी, नकदी और कीमती सामान जब्त

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब के निलंबित पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी, रोपड़ रेंज) हरचरण सिंह भुल्लर के चंडीगढ़ स्थित आवास पर बृहस्पतिवार को दूसरे दौर की तलाशी ली, जिसमें नकदी और कीमती सामान जब्त किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भुल्लर को पिछले हफ्ते रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, भुल्लर के सेक्टर-40 स्थित आवास पर ताजा छापेमारी इन खबरों के बीच की गई कि वह एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान सीबीआई ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले और परिसर की कीमत का भी आकलन किया। भुल्लर को एक कबाड़ विक्रेता से 'सेवा पानी' के नाम पर आठ लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद उनके आवास पर ली गई तलाशी के दौरान 7.5 करोड़ रुपये नकदी और 2.5 किलो सोने के आभूषण जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान रोलेक्स और राडो ब्रांड की 26 लग्जरी घड़ियां, परिवार के सदस्यों और संदिग्ध बेनामी संस्थाओं के नाम पर दर्ज 50 से अधिक अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज, कई बैंक खातों का विवरण व लॉकर की चाबियां तथा 100 जिंदा कारतूस के साथ चार आग्नेयास्त्र भी जब्त किए गए।

## बिहार चुनाव में राजग की जीत के लिए कार्यकर्ता अभूतपूर्व ऊर्जा से जुटे हैं: प्रधानमंत्री मोदी



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता अभूतपूर्व ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में डटे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जनसंपर्क और संवाद से लेकर संगठन के हर स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी ने लिखा, बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा-राजग की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमारे कार्यकर्ता अभूतपूर्व ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में डटे हैं। जनसंपर्क और संवाद से लेकर संगठन के हर स्तर पर उनकी भागीदारी हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि वह बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करने को लेकर अत्यंत उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों के जरिए संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के प्रयास में लगे हैं। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' भाजपा का एक संगठनात्मक अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य पार्टी के बूथ-स्तर के ढांचे को मज़बूत करना और हर बूथ पर चुनावी जीत सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री खुद इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ कर कार्यकर्ताओं से फीडबैक और सलाह लेंगे।

## 252 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन बरामद: दुबई से प्रत्यर्पित मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने 252 करोड़ रुपये के मेफेड्रोन जब्ती मामले में एक प्रमुख आरोपी को दुबई से प्रत्यर्पित किये जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद सलीम मोहम्मद सोहेल शेख को कुछ दिन पहले दुबई में सहयोगी एजेंसियों ने हिरासत में लिया था और बाद में उसे मुंबई लाया गया। अधिकारी ने बताया कि शेख के खिलाफ एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि शेख देशभर में मादक पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्रियां स्थापित करने की कोशिश कर रहा था और 'मेफेड्रोन' मादक पदार्थ (एक शक्तिशाली कृत्रिम उत्तेजक) को वितरित करने के तरीके ढूंढ रहा था। उन्होंने बताया कि यह तीसरा आरोपी है जिसे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लाया गया है। इससे पहले, मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के सरगना सलीम डोला के बेटे आरोपी ताहिर सलीम डोला और मुस्तफा मोहम्मद कुब्बावाला को शहर की पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली के रोहिणी में पुलिस मुठभेड़ में बिहार के चार वांछित अपराधी मारे गए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार वांछित अपराधी मारे गए। ये अपराधी बिहार में जबरन वसूली और हत्या के कई मामलों में कथित रूप से संलिप्त थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपियों की पहचान सीतामढ़ी जिले के निवासी रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश सहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी जबरन वसूली और सुपारी लेकर हत्या कराने वाले 'सिग्मा एंड कंपनी' नामक गिरोह का हिस्सा थे। अधिकारी ने बताया कि गिरोह सोशल मीडिया पर हत्या की वारदातों का प्रचार करता था।

## दोस्ती बलात्कार करने का लाइसेंस नहीं देती: दिल्ली उच्च न्यायालय



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17-वर्षीय एक किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने आरोपी की इस दलील को खारिज कर दिया कि दोनों मित्र थे। अदालत ने कहा कि दोस्ती, पीड़िता के साथ बार-बार बलात्कार करने, उसे बंधक बनाने या बेरहमी से पीटने का लाइसेंस नहीं देती। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज मामले में आरोपी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि आरोपी अभी तक जांच में शामिल नहीं हुआ है, जबकि उसकी अग्रिम जमानत याचिका पहले चार बार या तो वापस ले ली गई है या खारिज की जा चुकी है। न्यायाधीश ने 17 अक्टूबर को पारित एक आदेश में कहा, ''याचिकाकर्ता की इस दलील को न्यायालय स्वीकार नहीं कर सकता कि वह (आवेदक) और शिकायतकर्ता मित्र थे, इसलिए यह सहमति से संबंध का मामला हो सकता है।'' इसमें कहा गया है, ''यदि संबंधित पक्ष मित्र भी थे, तो मित्रता आवेदक को पीड़िता के साथ बार-बार बलात्कार करने, उसे अपने मित्र के घर में बंधक रखने तथा उसकी बेरहमी से पिटाई करने की अनुमति नहीं देती, जैसा कि प्रथमदृष्टया शिकायतकर्ता ने अपने बयान में कहा है...जिसकी पुष्टि मेडिकल रिकॉर्ड से भी होती है।'' नाबालिग लड़की की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, वह आरोपी को कई वर्षों से एक पड़ोसी के रूप में जानती थी। किशोरी ने आरोप लगाया कि वह उसे अपने दोस्त के घर ले गया, जहां उसने उसके साथ मारपीट की और बार-बार उसका यौन उत्पीड़न किया तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

## गगनयान मिशन का 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा: इसरो प्रमुख



**बेंगलुरु :** इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि गगनयान मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है और लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। नारायणन ने मिशन की प्रगति के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, ''गगनयान मिशन पर बहुत अच्छी तरह से काम जारी है। वास्तव में, जब आप गगनयान मिशन के बारे में बात करते हैं, तो आप जानते हैं कि बहुत सारे तकनीकी विकास होने हैं - रॉकेट का मानव-रेटिंग प्रमाणन होना है, कक्षीय मॉड्यूल विकसित करना है, और पर्यावरण नियंत्रण सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी है। फिर चालक दल की सुरक्षा की प्रणाली, पैराशूट प्रणाली और फिर, निश्चित रूप से, मानव-केंद्रित उत्पाद आते हैं।'' वह तीन से पांच नवंबर तक नयी दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी-2025) की प्रचार गतिविधियों के अवसर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) कहा कि लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

## असम और उत्तर बंगाल में रेल पटरी पर विस्फोट से ट्रेन सेवाएं बाधित

### एक संदिग्ध की पहचान

**कोकराझार (असम) :** असम के कोकराझार जिले में पटरियों पर संदिग्ध 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) से विस्फोट होने के बाद बृहस्पतिवार को लोअर असम और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में रेल सेवाएं बाधित हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पुलिस ने विस्फोट में कथित संलिप्तता को लेकर एक संदिग्ध की पहचान की है। यहां एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार एवं बृहस्पतिवार की दरमियानी रात एक बजे पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अलीपुरद्वार डिवीजन में कोकराझार रेलवे स्टेशन से सालाकाटी की ओर करीब पांच किलोमीटर दूर यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया, ''इस धमाके से रेल की पटरी का करीब तीन फुट हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और टूटे हुए पटरी के टुकड़े कई मीटर दूर तक बिखर गए।'' कोकराझार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पुष्पराज सिंह ने कहा कि इस घटना में न तो कोई हताहत हुआ है और न ही कोई ट्रेन पटरी से उतरी है। एसएसपी ने बताया, ''पटरी का जो हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था उसकी तुरंत मरम्मत की गई और अब रेलगाड़ियों का परिचालन बहाल कर दिया गया है।''

## सीजेआई की तरफ जूता फेंकने का प्रयास करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई 27 अक्टूबर को



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय कार्यवाही के दौरान इस माह के प्रारंभ में प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की ओर जूता उछालने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्रवाई संबंधी याचिका पर 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 27 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा दायर याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई होगी। छह अक्टूबर को चौंकाने वाली सुरक्षा चूक में, 71 वर्षीय किशोर ने न्यायालय कक्ष में प्रधान न्यायाधीश की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया, जिसके बाद भारती विधिज्ञ परिषद ने तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया। इस अभूतपूर्व घटना के दौरान और उसके बाद भी अविचलित रहे प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे ''अनदेखा'' करने को कहा और दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## भारत सबसे बड़े वन कार्बन सिंक वाले शीर्ष 10 देशों में शामिल: एफएओ रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया के सबसे बड़े वन कार्बन सिंक वाले शीर्ष दस देशों में शामिल है, जो 2021 और 2025 के बीच हर साल लगभग 15 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, इस अवधि के दौरान वनों ने शुद्ध कार्बन सिंक के रूप में काम किया, जिससे वायुमंडल से प्रतिवर्ष लगभग 0.8 अरब टन सीओ2 हटाई गई। वन कार्बन सिंक जंगल के उस पारस्थितिकीय तंत्र को कहा जाता है जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करने की तुलना में इसका अधिक मात्रा में अवशोषण करता है। ''वन उत्सर्जन और निष्कासन - वैश्विक, क्षेत्रीय और देश के रुझान 1990-2025'' शीर्षक वाली एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-2025 के दौरान, वैश्विक वनों ने वन भूमि पर प्रति वर्ष 3.6 अरब टन सीओ2 का संचयन किया। हालांकि, शुद्ध वन रूपांतरण से होने वाले उत्सर्जन, जो अनुमानित रूप से 2.8 अरब टन प्रतिवर्ष है, ने इसकी आंशिक भरपाई की। इसके परिणामस्वरूप, इस अवधि के दौरान वैश्विक वनों ने वायुमंडल से प्रतिवर्ष 0.8 अरब टन सीओ2 हटाई।

शुद्ध वन रूपांतरण का मतलब है किसी क्षेत्र के वन आवरण में होने वाले शुद्ध परिवर्तन का माप, जिसमें वनों की कटाई और वनीकरण (पेड़ लगाने) दोनों को ध्यान में रखा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक दशक पहले, यह शुद्ध निष्कासन लगभग दोगुना था, जो 1.4 अरब टन प्रति वर्ष था। वर्ष 2021 और 2025 के बीच, सबसे मजबूत वन कार्बन सिंक यूरोप और एशिया में थे, जो क्रमशः 1.4 अरब टन और 0.9 अरब टन सीओ2 प्रति वर्ष हटाते थे।

## एमसीएफ रायबरेली की पद्मश्री एवं ओलंपियन सुधा सिंह बनीं राजीव गांधी खेल रत्न चयन समिति की सदस्य



**रायबरेली :** मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), रायबरेली में खेल अधिकारी के पद पर कार्यरत पद्मश्री एवं ओलंपियन श्रीमती सुधा सिंह को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार चयन समिति की सदस्य के रूप में चुना गया है। यह मनोनयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है। सुधा सिंह की नियुक्ति को खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। एमसीएफ, रायबरेली के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने श्रीमती सिंह को इस सम्मानजनक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एमसीएफ परिवार को गर्व है कि उनकी संस्था से जुड़ी अधिकारी देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार चयन समिति में अपनी भूमिका निभा रही हैं। सुधा सिंह ने अपने शानदार खेल करियर के दौरान भारत का कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया है और लंबी दूरी की दौड़ में देश को कई पदक दिलाए हैं।

## न्यायपालिका को नयी चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार करने की जरूरत है: न्यायमूर्ति सूर्यकांत



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायपालिका को डिजिटल बहिष्कार, विस्थापन, जलवायु संवेदनशीलता और अंतरराष्ट्रीय प्रवास जैसी नयी चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित होने और नवाचार करने की आवश्यकता है, अन्यथा उसे अपनी ही छाया तले दब जाने का खतरा होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह कोलंबो में बीएएसएल मानवाधिकार व्याख्यान के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय था ''हाशिये पर पड़े लोगों और अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की प्राप्ति के लिए विधिक सहायता प्रणाली को मजबूत बनाना: भारतीय केस स्टडी''। उन्होंने कहा, ''भारत के कानूनी सहायता आंदोलन की कहानी, अपने मूल में, एक लोकतंत्र की अंतरात्मा की कहानी है। यह इस बात का प्रमाण है कि एक व्यापक और जटिल समाज में भी, जब दूरदर्शिता के साथ संस्थागत इच्छाशक्ति का मेल हो, तो न्याय को वास्तविक बनाया जा सकता है।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''फिर भी, यह कहानी अभी पूरी नहीं हुई है। जैसे-जैसे डिजिटल बहिष्कार, विस्थापन, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय प्रवास जैसी नयी चुनौतियां सामने आ रही हैं, हमारा काम और अधिक नवाचार करना, पहुंच को आधुनिक बनाना और समावेशन को गहरा करना है। न्याय को समाज के साथ विकसित होना होगा, अन्यथा उसे अपनी ही छाया तले दब जाने का खतरा होगा।'' उन्होंने कहा कि ''धर्म'' के प्राचीन सिद्धांतों से लेकर नालसा की आधुनिक वास्तुकला तक, भारत की यात्रा मानव गरिमा में स्थायी विश्वास और इस विचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि न्याय सबसे पहले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

## अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाना: स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा

**नयी दिल्ली :** भारत ने सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए स्वदेशी 7 नैनोमीटर (एनएम) प्रोसेसर के विकास की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 18 अक्टूबर को इस पहल की घोषणा की, जो देश की आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमताओं की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। 7 एनएम प्रोसेसर का विकास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी मद्रास) द्वारा 'शक्ति' परियोजना के तहत किया जा रहा है। यह ओपन-सोर्स आरआईएससी-वी आर्किटेक्चर पर आधारित है, जो किसी को भी इसे स्वतंत्र रूप से अपनाने की अनुमति देता है। यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित होती है और भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अनुरूप है। यह अत्याधुनिक प्रोसेसर उच्च प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता के लिए डिजाइन किया गया है और वित्तीय सेवाओं, रक्षा, संचार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सर्वर अनुप्रयोगों को लक्षित करता है। उच्च ट्रांजिस्टर घनत्व, बेहतर कंप्यूटिंग क्षमता और कम ऊर्जा खपत के साथ यह भारत की तकनीकी छलांग को दर्शाता है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत अब तक 1.6 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 288 शैक्षणिक संस्थानों को सहायता दी जा चुकी है। सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से सब-7 एनएम नोड्स की दिशा में निरंतर प्रगति हो रही है, जिससे हजारों उच्च-कौशल नौकरियां सृजित होने और उन्नत अनुसंधान को बल मिलने की उम्मीद है। स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर पहल न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह पहल भारत को अमेरिका, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की श्रेणी में लाकर वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में एक उभरते हुए तकनीकी और अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

# मंधाना और रावल के शतक, न्यूज़ीलैंड को 53 रन से हराकर भारत सेमीफाइनल में



**नवी मुंबई :** स्मृति मंधाना (109) और प्रतिका रावल (122) की शतकीय पारियों की मदद से भारत ने वर्षा प्रभावित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति से 53 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अंतिम चार में प्रवेश के लिए इस मुकाबले में जीत जरूरी थी, जिसे उसने शानदार टीम प्रदर्शन से हासिल कर लिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। मंधाना और रावल ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 212 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 95 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाए जबकि रावल ने 134 गेंदों पर 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 122 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने 55 गेंदों में नाबाद 76 रन की तेजतर्रार पारी खेली। बारिश के कारण न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन टीम आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। ब्रुक हालिडे ने 81 और इसाबेल गेज ने नाबाद 65 रन की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजों में रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और रावल को एक-एक सफलता मिली। मंधाना का यह 14वां वनडे शतक था और इस साल उनका पांचवां सैकड़ा भी। रावल का यह विश्व कप में पहला शतक रहा। दोनों ने गर्मी और उमस भरे मौसम में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया। भारत का यह स्कोर इस विश्व कप का सबसे बड़ा रहा। इस जीत के साथ भारत ने लगातार चौथे वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके

**चेंगडू:** लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21 . 17, 21 . 11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17 . 21, 21 . 16, 21 . 11 से मात दी लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21 . 14, 21 . 17 से मात दी लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22 . 20, 21 . 12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21 . 9, 21 . 11 से मात दी

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दो विकेट से हराकर श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

**एडीलेड:** एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की शानदार गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत द्वारा दिए गए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 46.2 ओवर में आठ विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। शॉर्ट ने 74 रन (78 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और कोनोली ने नाबाद 61 रन (53 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) की पारी खेली। कोनोली ने मिचेल ओवेन (36 रन, 23 गेंद) के साथ छठे विकेट के लिए 39 गेंद में 59 रन जोड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच 118 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 264 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 44 और हर्षित राणा ने नाबाद 24 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जंपा ने 60 रन देकर चार विकेट, जबकि बार्टलेट ने 39 रन पर तीन विकेट लिए। भारत की शुरुआत निराशाजनक रही। शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी पवेलियन लौटे। कोहली लगातार दूसरे मैच में खाता नहीं खोल सके। रोहित और अय्यर ने पारी को संभाला, लेकिन शतक के करीब पहुंचकर दोनों ही आउट हो गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्थिर शुरुआत की। शॉर्ट और कोनोली ने जिम्मेदारी से खेलते हुए टीम को जीत की राह पर रखा। भले ही भारतीय गेंदबाजों ने बीच-बीच में विकेट झटके, लेकिन कोनोली ने अंत तक टिके रहकर टीम को जीत दिलाई। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच अब भारत के लिए केवल सम्मान बचाने का मौका होगा।



## श्रृंखला गंवाने के बाद गिल ने एडिलेड में मौके चूकने पर निराशा व्यक्त की

**एडिलेड:** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि कैच छूटने और पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाने की वजह से उनकी टीम को बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवानी पड़ी। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने कम से कम तीन मौके गंवा दिए जिनमें मैथ्यू शॉर्ट भी शामिल थे जिन्होंने 78 गेंद में 74 रन की शानदार पारी खेली। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, 'हमने ठीक ठाक रन बनाए थे। लेकिन जब आप इस तरह के स्कोर का बचाव करते हुए कुछ मौके गंवाते हैं तो यह कभी आसान नहीं होता।' युवा कप्तान को पिच में भी कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने कहा, 'पहले मैच में टॉस ज्यादा अहम था क्योंकि बारिश आ गई थी। लेकिन इस मैच में दोनों टीमों ने लगभग 50 ओवर खेले। शुरुआत में विकेट से थोड़ी परेशानी हुई लेकिन 15-20 ओवर के बाद यह अच्छा था।'

## वेस्टइंडीज को स्पिन के जाल में फंसाकर बांग्लादेश ने वनडे श्रृंखला जीती

**मीरपुर (बांग्लादेश):** बांग्लादेश ने स्पिनरों की मदद से बृहस्पतिवार को तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज को 179 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इस तरह बांग्लादेश ने मार्च 2024 के बाद पहली वनडे श्रृंखला जीती। यह कैरेबियाई टीम के खिलाफ उसकी दूसरी सबसे बड़ी और अब तक की सबसे बड़ी जीत है। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे श्रृंखला में उन्होंने 12 विकेट झटके। यह किसी भी वनडे श्रृंखला में बांग्लादेश के किसी भी स्पिनर द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम 30.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर नासुम अहमद ने भी 11 रन देकर तीन विकेट लिए और शीर्ष क्रम को झकझोर दिया जबकि ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज और बाएं हाथ के तनवीर इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए। टीम के एकमात्र तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को गेंदबाजी भी नहीं करनी पड़ी। इससे पहले कप्तान मेहदी हसन मिराज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज सैफ हसन और सौम्य सरकार ने 176 रन की साझेदारी करके टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। सरकार ने 86 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 91 रन की पारी खेली जबकि हसन 72 गेंद में छह चौके और इतने ही छक्के लगाकर 80 रन बनाकर आउट हुए।

### तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**आकलैंड:** न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1.0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 3.1 ओवर और खेले लेकिन फिर बारिश हो गई जब मेजबान ने एक विकेट पर 38 रन बनाये थे।

## पंजाब किंग्स ने बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**चंडीगढ:** इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, 'हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।' पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।

## डब्ल्यूएफआई ने पहलवान संजीव को निलंबित किया

**नयी दिल्ली:** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पहलवान संजीव को उनके निवास और पहचान संबंधित दस्तावेजों में विसंगतियां पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया। महासंघ ने बृहस्पतिवार को उन्हें इस संबंध में एक नोटिस जारी किया। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे संजीव से ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिनमें दिल्ली और हरियाणा में उनके जन्म स्थान और निवास के स्थान की जानकारी विरोधाभासी है। नोटिस के अनुसार पहलवान का जन्म प्रमाण पत्र दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) रोहिणी क्षेत्र द्वारा अगस्त 2022 में जारी किया गया था जो उनकी दर्ज जन्मतिथि 20 नवंबर 2000 के 22 साल बाद का है। कुछ ही हफ्तों के अंदर राज्य सरकार द्वारा सितंबर 2022 में उन्हें हरियाणा का निवासी प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके बाद दिल्ली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने जून 2023 में संजीव को पासपोर्ट जारी किया जिसमें उनका जन्म स्थान और पता दिल्ली बताया गया था जबकि हरियाणा के नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) के रिकॉर्ड में उन्हें हरियाणा के जींद का निवासी बताया गया था।

## एशियाई युवा खेल: रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता

**रिफा (बहरीन):** भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

# जडेजा मध्य प्रदेश के खिलाफ सौराष्ट्र के रणजी मैच में खेलेंगे



**नयी दिल्ली:** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा शनिवार से मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे दौर के रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। यह मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। छत्तीस वर्षीय जडेजा वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया था। ऑस्ट्रेलिया ने इस वनडे श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पता चला है कि जडेजा को घरेलू मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है जो उसी पिच पर खेला जाएगा जिसने हाल में कर्नाटक के खिलाफ सौराष्ट्र के शुरुआती मैच में स्पिनरों को काफी मदद की थी। टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष रैंकिंग ऑलराउंडर जडेजा ने हाल में इस महीने की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो घरेलू टेस्ट मैच खेले थे।



# टाटा ट्रस्ट ने मेहली मिस्त्री को आजीवन ट्रस्टी बनाए जाने का प्रस्ताव रखा



**नयी दिल्ली:** टाटा ट्रस्ट ने अपनी तीन प्रमुख चैरिटेबल संस्थाओं में मेहली मिस्त्री को ट्रस्टी (न्यासी) के रूप में दोबारा नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है, जिससे उन्हें आजीवन ट्रस्टी बनाया जा सकेगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि टाटा ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने ट्रस्ट के अन्य सदस्यों को इस आशय के प्रस्ताव से अवगत कराया। इस प्रस्ताव के तहत मिस्त्री को सर रतन टाटा ट्रस्ट, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और बाई हीराबाई जमसेतजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टिट्यूशन में दोबारा नियुक्त किया जाना है। टाटा समूह के दिवंगत प्रमुख रतन टाटा के करीबी माने जाते रहे मिस्त्री पहली बार वर्ष 2022 में टाटा ट्रस्ट में नियुक्त हुए थे। उनका तीन साल का कार्यकाल 28 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। टाटा ट्रस्ट ने इस घटनाक्रम के बारे में संपर्क किए जाने पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा संस 156 साल पुराने टाटा समूह की कंपनियों की प्रवर्तक कंपनी है। सूत्रों के मुताबिक, मिस्त्री और तीन अन्य ट्रस्टी- प्रमित झवेरी, जहांगीर एचसी जहांगीर और डेरियस खम्बाटा ने वेणु श्रीनिवासन को ट्रस्टी और वाइस चेयरमैन के रूप में दोबारा नियुक्ति को मंजूरी देते समय यह शर्त रखी थी कि भविष्य में किसी भी ट्रस्टी का नवीनीकरण केवल सर्वसम्मति से ही हो, अन्यथा उनकी स्वीकृतियां रद्द की जा सकती हैं। हालांकि, मिस्त्री के आजीवन कार्यकाल को लेकर ट्रस्ट के भीतर मतभेद की खबरें हैं। एक पक्ष को मौजूदा चेयरमैन नोएल टाटा के साथ माना जा रहा है जबकि दूसरा पक्ष रतन टाटा के पुराने समर्थकों से संबंधित है।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी, जल्द निष्पक्ष समझौते की उम्मीद: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष निकट भविष्य में एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते की दिशा में काम करेंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल पिछले सप्ताह अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए वाशिंगटन में था। तीन दिवसीय वार्ता 17 अक्टूबर को समाप्त हुई। गोयल ने कहा, 'हम अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं, हमारी टीमें इसमें लगी हुई हैं। हाल ही में वाणिज्य सचिव अमेरिका गए थे और उन्होंने अपने समकक्षों से मुलाकात की थी। हम उनके साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं और बातचीत आगे बढ़ रही है।' गोयल ने बर्लिन में कहा, 'हमें उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते की दिशा में काम करेंगे।'

## सेंसेक्स, निफ्टी 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर जाने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद

**मुंबई:** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें बढ़ने के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में बृहस्पतिवार को लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 130 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 23 अंक की तेजी रही। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गए थे लेकिन अंतिम घंटे में मुनाफावसूली हावी होने से अपनी अधिकांश बढ़त को गंवा बैठे। दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक प्रतिशत से ज़्यादा की गिरावट से भी बाजार की तेजी थम गई। इसके बावजूद घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे दिन बढ़त लेने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 130.06 अंक यानी 0.15 प्रतिशत चढ़कर 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 863.72 अंक बढ़कर 85,290.06 अंक पर पहुंच गया था।

# एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस से 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक 2025' पुरस्कार मिला




**नयी दिल्ली:** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब ('वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते। एसबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह दोहरी मान्यता बैंक की नवाचार, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र में उसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करती है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि 52 करोड़ ग्राहकों को सेवा देना और रोजाना 65,000 नए ग्राहकों को जोड़ना प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण में बड़े निवेश की मांग करता है।

## रूसी कंपनियों पर प्रतिबंधों से रिलायंस को झटका

- पीएसयू व्यापारियों के जरिये तेल खरीदती रहेंगी

**नयी दिल्ली :** रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने के आसार हैं जबकि सरकारी रिफाइनरियां फिलहाल मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकती हैं। उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है क्योंकि वे अपनी आवश्यकता का सभी तेल व्यापारियों से खरीदते हैं जिनमें से अधिकतर यूरोपीय व्यापारी हैं (जो प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं)। उन्होंने कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने आयात को फिर से संतुलित करना पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे रूस की 'रोसनेफ्ट' से कच्चा तेल खरीदती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है और रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का लगभग आधा हिस्सा खरीदती है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3368 अंक 178, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in